आजका बजट

| | |
|---|---|
| सोना (10 ग्राम) | 46,990 |
| चांदी (1 किलो) | 64,200 |
| सेसेक्स | 58,305.07 |
| निफ्ट | 17,369.25 |
| युएसडी/भारतीय | 73.63 |

दैनिक

देश का सर्वश्रेष्ठ अखबार

DPS

# पहला समाचार

संपादक - भास्कर. ति. तिवारी

RNI NO. MAHHIN/2010/34776

एक कदम निष्पक्षता की ओर..

पेड़ पौधों की बढ़त, जीवन की बढ़त

जल ही जीवन का अमूल्य धन इसका बचाओ करो

वर्ष : 10 | अंक : 106 | मुंबई, बुधवार, 29 सितम्बर 2021 | पृष्ठ : 6 | मूल्य : 3

@dainikpahala samachar | dainikpahalasamachar@gmail.com | FB/dainikpahalasamachar | www.dainkpahalasamachar.com



सितम्बर 2021 आवश्यकता

सेंट्रल, वेस्टर्न, हर्बल लाइन के आलावा अन्य स्थानों के पांच वर्षों के अनुभवी संवाददाता व विज्ञापनदाता अपने बायोडाटा के साथ कार्यालय में दोपहर दो बजे से शाम आठ बजे के अंदर संपर्क करें।

-संपादक
दैनिक पहला समाचार

शाप नंबर- 01 लक्ष्मी निवास, अवधनाथ ठाकुर चाल, हेमु कॉलोनी, ईरानीवाड़ी रोड नं-4 कांदिवली (प.), मुंबई, 400067
फोन. 022 28610067

दैनिक पहला समाचार मिलता न हो तो कृपा करके पेपर के स्टॉल का नाम, पता और नंबर हमें निचे दिये गये व्हाटसपर पर बतायें।
+91 99307 37192


## संक्षिप्त समाचार

### ममता बनर्जी भाजपा की राजनीतिक एजेंट हैं: अधीर रंजन चौधरी



**कोलकाता।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देशभर में भाजपा के राजनीतिक एजेंट का नाम ममता बनर्जी है.

रंजन चौधरी ने कहा कि सीबीआई का भी टिक्की दिल्ली में बंधा हुआ है ममता बनर्जी का भी टिक्की दिल्ली में बंधा हुआ है. इसीलिए वह सही से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ममता बनर्जी को बंगाल दे दिया है ताकि वह यहां से कमा खा सके । उसी तरह से ममता बनर्जी देशभर में कांग्रेस को कमजोर करने का काम कर रही हैं । वह भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देशभर में भाजपा के राजनीतिक एजेंट का नाम ममता बनर्जी है।

कोलकाता के भवानीपुर में आज भाजपा नेता दिलीप घोष पर हुए हमले को लेकर अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सभी विरोधियों को अधिकार मिलना चाहिए। इस तरह की घटना निंदनीय है लेकिन इसके बाद भी न तो मोदी कुछ बोलेंगे ना ही अमित शाह कुछ बोलेंगे, क्योंकि दोनों के बीच में अंडरस्टैंडिंग हैं। आपको बता दें कि इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में होने जा रहे उपचुनाव को टालने की मांग की है. दिलीप घोष ने कहा कि हमें प्रचार नहीं करने दिया जा रहा है. हम मतदाताओं तक नहीं पहुंच पा रहे हैं. ऐसे में चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं रह गया है.

दिलीप घोष ने कहा कि आज मैं जब भवानीपुर में प्रचार कर रहा था, तब टीएमसी कार्यकर्ताओं ने मुझे गंदी गंदी गालियां देनी शुरू कर दी. मैं वैक्सीनेशन केंद्र पर कुछ लोगों से बात कर रहा था, तो कुछ लोग आए मुझे घेर लिया. भीड़ के रूप में आए लोगों ने मेरे साथ धक्का मुक्की शुरू कर दी.

### कोरोना वायरस संक्रमण का प्रकोप लंबे समय तक रह सकता है: डब्ल्यूएचओ




**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वरिष्ठ अधिकारी पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा है कि कोरोना वायरस संक्रमण का प्रकोप 'बहुत लंबे समय' तक जारी रह सकता है। इसके अलावा टीकाकरण एवं पहले हुए संक्रमण के जरिए किसी समुदाय में विकसित हुई रोग प्रतिरोधी क्षमता तय करेगी कि यह वैश्विक महामारी लंबे समय में सीमित जगह या सीमित समय पर होने वाला संक्रमण बनेगी या नहीं।

डब्ल्यूएचओ में दक्षिण पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि ऐसी स्थिति पर पहुंचने की आवश्यकता है, जहां 'हमारा वायरस पर पूरा नियंत्रण हो, न कि वायरस का हम पर नियंत्रण हो।' उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक महामारी ने स्वास्थ्य प्रणाली को बेहतर बनाने का 'सदी में एक बार मिलने वाला अवसर' भी दिया है। 'अब समय आ गया है कि देश स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए वैश्विक महामारी से सबक लें।' सिंह ने एक साक्षात्कार में कहा कि जिन स्थानों पर अधिक आबादी पहले संक्रमित हो चुकी हो और जहां अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका हो, वहां भविष्य में लोगों के वायरस से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होने की संभावना होती है।

उन्होंने कहा, 'कोविड-19 वायरस बहुत लंबे समय तक लोगों को संक्रमित कर सकता है। यह बात कई कारक तय करेंगे कि क्या वायरस लंबे समय में एक सीमित स्थान या सीमित समय में फैलने वाला संक्रमण बनेगा या नहीं। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक टीकाकरण या पहले हो चुके संक्रमण की वजह से विकसित होने वाली किसी समुदाय की रोग प्रतिरोधी क्षमता है।' सिंह ने कहा कि वैश्विक महामारी ने स्वास्थ्य प्रणाली को बेहतर बनाने का 'सदी में एक बार मिलने वाला अवसर' भी दिया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए वैश्विक महामारी से सबक लें।

# महाराष्ट्र में चक्रवाती तूफान 'गुलाब' के कहर से बेहाल नागरिक

## 5 जिलों में रेड एलर्ट, 12 जिलों में यलो एलर्ट, अगले 48 घंटे अहम

**मुंबई।** चक्रवाती तूफान गुलाब ने अब महाराष्ट्र में कहर बरपाया है. खासकर मराठवाडा और उत्तर महाराष्ट्र में मूसलाधार बरसात ने अपना प्रचंड रूप दिखाया है. मराठवाडा में कल (27 सितंबर, सोमवार) से ही तूफ़ानी बारिश शुरू है.

यहां के लगभग सभी जिलों में बाढ़ के हालात हैं. चक्रवाती तूफान गुलाब की वजह से कम दाब का क्षेत्र तैयार हो गया है. इसका प्रभाव अगले 48 घंटे तक राज्य के कई इलाकों में दिखाई पड़ेगा.

इधर मुंबई, मुंबई उपनगरीय इलाके और ठाणे में भी ज़ोरदार बरसात हो रही है. ऐसा लग रहा है जैसे दिन में ही रात हो रही है. खास तौर से अगले 24 घंटे तो बहुत ही ज्यादा अहम हैं. मराठवाडा, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण क्षेत्र में मूसलाधार से अति मूसलाधार



बरसात का अनुमान है.

मुंबई, ठाणे, विदर्भ क्षेत्र में बरसात अगले 24 घंटे जोरदार होगी लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे कम हो जाएगी. लेकिन कोंकण और उत्तर मध्य महाराष्ट्र में बारिश का कहर कायम रहेगा. अगले 3 से 4 घंटे मूसलाधार बरसात का अनुमान है. धुले, पालघर, ठाणे, मुंबई, रायगढ़, नासिक, अहमदनगर, पुणे और सातारा में जम कर बरसात होने का अनुमान है.

महाराष्ट्र के 5 जिलों- पालघर, नासिक, जलगांव औरंगाबाद और जालना – के






लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है. जबकि 12 जिलों- बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वाशिम, यवतमाल, वर्धा, नागपुर, चंद्रपुर, सोलापुर, सांगली, कोल्हापुर, सिंधुदुर्ग- में यलो अलर्ट जारी किया गया है. इनके अलावा बाकी जिलों जैसे- मुंबई, रायगढ़, ठाणे, रत्नागिरि, पुणे, सातारा, अहमदनगर, बीड, उस्मानाबाद, लातूर, परभणी, हिंगोली, नांदेड़, लातूर, धुले, नंदुरबार- में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

अकोला जिले में चक्रवाती तूफान गुलाब का प्रभाव जबर्दस्त हुआ है. चक्रवाती तूफान गुलाब रविवार को आंध्र प्रदेश और ओड़िशा के तट से टकराया था. इसके बाद इसकी तीव्रता कम होती गई. लेकिन तब तक गुलाब ने इन तटीय भागों में खासी तबाही मचाई.

सोमवार को इस चक्रवात का रुपांतरण कम दाब के क्षेत्र के रूप में हो गया. यह क्षेत्र फिलहाल छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के दक्षिणी भाग में है. 30 सितंबर को यह कम दाब का क्षेत्र सरक कर अरब सागर में पहुंच जाएगा. इसके बाद फिर इसकी तीव्रता बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. इससे एक नया चक्रवाती तूफान तैयार हो सकता है. उस नए चक्रवाती तूफान का नाम 'शाहीन' रखा गया है.

## बाढ़ के पानी की चपेट में आयी एस टी की बस, ४ लापता , २ को बचाया



मुंबई। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में मंगलवार को सुबह बाढ़ के पानी में डूबे एक पुल से गुजर रही राज्य परिवहन निगम की एक बस बह गई। बस में सवार चार लोग अब भी लापता हैं। सोशल मीडिया पर डूबती हुई बस का वीडियो वायरल हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना उमरखेड़ तहसील में दहागांव पुल पर सुबह करीब आठ बजे हुई, जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस नागपुर से नांदेड़ जा रही थी।

उमरखेड़ के तहसीलदार अनांद देओलगांवकर ने बताया कि इलाके में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसी दौरान बस पानी में डूबे पुल से गुजरते समय तेज बहाव में बह गई। बस में चालक और परिचालक के अलावा चार यात्री सवार थे। अधिकारी ने बताया कि दो यात्रियों को बचा लिया गया और अन्य चार लोगों की तलाश जारी है।

## शिवसेना सांसद भावना गवली के करीबी सईद खान को ईडी ने किया गिरफ्तार

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार देर रात महाराष्ट्र के यवतमाल-वाशिम से शिवसेना सांसद भावना गवली के सहयोगी सईद खान को उनके ट्रस्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया। खान को मंगलवार को धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत में पेश किया जा सकता है। बता दें कि पिछले महीने ईडी ने खान और गवली से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। खान पर गवली के ट्रस्ट को कंपनी में बदलने और अनुचित लाभ लेने के लिए इसका निदेशक बनने का आरोप है। ईडी ने ट्रस्ट से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया है। इसमें गवली पर धन शोधन और 17 करोड़ रुपए के गबन के साथ-साथ अपनी



पावर का गलत इस्तेमाल कर सरकारी अनुदान और धन प्राप्त करने का भी संदेह है। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से करीब 43 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़ी कथित अनियमितताएं हैं। धन का कथित रूप से दुरुपयोग किया गया था और उस उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया गया जिसके लिए इसे प्रदान किया गया था।

बता दें कि इस मामले को सर्वप्रथम शिवसेना की वाशिम जिला इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष हरीश सारदा ने उठाया था और गवली के खिलाफ धन की हेराफेरी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने इस मामले में पुलिस द्वारा उचित कदम न उठाए जाने को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सारदा ने अपनी शिकायत में गवली पर मनी लॉन्ड्रिंग, गबन, और एक कारखाने के लिए अनुदान और धन प्राप्त करने में शक्ति के दुरुपयोग का आरोप लगाया। गवली के पिता पुदलिकराव, जो लोकसभा में भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे, इसके मुख्य प्रमोटर थे। इस फैक्ट्री की स्थापना 1998 में की गई थी और यह फसल अवशेष से फर्नीचर आदि बनाती थी। कंपनी का उद्देश्य स्थानीय किसानों को रोजगार प्रदान करना था।

## मैं ही नहीं लोग भी सोचते हैं कि देश कांग्रेस के बिना नहीं रह सकता: कन्हैया कुमार

**नई दिल्ली।** सीपीआई नेता कन्हैया कुमार और गुजरात के निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवाणी ने दिल्ली में एआईसीसी के दफ्तर में कांग्रेस का हाथ थाम लिया। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल समेत कई लोग मौजूद थे।

इस मौके पर कन्हैया कुमार ने कहा-मैं कांग्रेस में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह सिर्फ एक पार्टी नहीं है, यह एक विचार है। यह देश की सबसे पुरानी और सबसे लोकतांत्रिक पार्टी है, और मैं 'लोकतांत्रिक' पर जोर दे रहा हूं... सिर्फ मैं ही नहीं कई लोग



सोचते हैं कि देश कांग्रेस के बिना नहीं रह सकता। कांग्रेस नहीं बचा तो देश नहीं बचेगा। कन्हैया कुमार ने कहा कि आज एक दुखद घटना हमारे जिले में हुई है। वज्रपात के चलते दो बच्चियों का निधन हो गया है। इस मंच से शोक व्यक्त करता हूं।

कन्हैया कुमार ने कहा- ''कांग्रेस पार्टी एक बड़े जहाज की तरह है, अगर इसे बचाया जाता है, तो मेरा मानना है कि कई लोगों की आकांक्षाएं, महात्मा गांधी की एकता, भगत सिंह की हिम्मत और बीआर अंबेडकर के समानता के विचार की भी रक्षा की जाएगी। इसलिए शामिल हुआ हूं।''जिग्नेश मेवाणी ने कहा- ''मैं तकनीकी कारणों से औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल नहीं हो सका। मैं एक निर्दलीय विधायक हूं, अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होता हूं, तो मैं विधायक के रूप में नहीं रह सकता... मैं वैचारिक रूप से कांग्रेस का हिस्सा हूं, आगामी गुजरात चुनाव कांग्रेस के चुनाव चिह्न से लड़ूंगा''।

# नवजोत सिंह सिद्धू ने दिया पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ कांग्रेस में उठापटक का दौर जारी है. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है.

सिद्धू द्वारा सोनिया गांधी को लिखे पत्र को शेयर कर जानकारी मिली है. सिद्धू को हाल ही में पंजाब कांग्रेस का प्रमुख बनाया गया था. इससे पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था.

बता दें कि सिद्धू ने अपने पद से इस्तीफा दिया है लेकिन वह पार्टी में बने रहेंगे. सोनिया गांधी को लिखे पत्र में सिद्धू ने कहा, 'आदमी के पतन की शुरुआत समझौते से होती है. मैं पंजाब



के भविष्य और पंजाब के कल्याण के एजेंडे से कभी समझौता नहीं कर सकता. इसलिए, मैं पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देता हूं. मैं कांग्रेस की सेवा करना जारी रखूंगा. बता दें कि नवजोत सिंह सिद्धू ने जुलाई महीने के अंतिम हफ्ते में पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद संभाला था. एक दिन पहले ही पंजाब के नए मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने राज्य मंत्रिपरिषद का पहला विस्तार कर 15 कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया था, जिनमें सात नए चेहरे शामिल हैं. चन्नी के मंत्रिपरिषद में रणदीप सिंह नाभा, राजकुमार वेरका, संगत सिंह गिलजियां, परगट सिंह, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और गुरकीरत सिंह कोटली नए चेहरे हैं. राणा गुरजीत सिंह ने 2018 में अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद वापसी की है. पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री रहे ब्रह्म मोहिंद्रा, मनप्रीत सिंह बादल, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, अरुणा चौधरी, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, रजिया सुल्ताना, विजय इंदर सिंगला, भारत भूषण आशु को फिर से मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है.


प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ लंबे समय तक टकराव के बाद अमरिंदर सिंह ने त्यागपत्र दे दिया था, जिसके बाद चन्नी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. राणा गुरजीत सिंह, मोहिंद्रा और सिंगला अमरिंदर सिंह के करीबी माने जाते हैं. पंजाब में मुख्यमंत्री समेत कुल 18 विधायक मंत्रिपरिषद में शामिल हो सकते हैं. उपमुख्यमंत्री चुने गए सुखजिंदर सिंह रंधावा और ओपी सोनी ने सोमवार को शपथ ली थी.

## पटाखों की कमायी से बाकी लोगों की जिंदगी नहीं छीन सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि रोजगार की आड़ में अन्य नागरिकों के जीवन के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं।

न्यायाधीश एम आर शाह और ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा, 'हमें बेरोजगारी और नागरिक के जीवन के अधिकार के बीच संतुलन बनाना होगा। कुछ लोगों के रोजगार की आड़ में हम दूसरों के जीवन के अधिकार का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दे सकते। पटाखा विक्रेताओं के एक समूह ने एनजीटी के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी और पटाखों की बिक्री की अनुमति मांगी थी, इसपर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश देने से इनकार कर दिया।

दो न्यायाधीशों की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, 'हमारा मुख्य ध्यान निर्दोष नागरिकों के जीवन के अधिकार पर है। अगर विशेषज्ञों की समिति द्वारा पटाखा बिक्री और फोड़ने की अनुमति मिलती है



तो हम आने वाले समय में इस पर विचार कर सकते हैं। पीठ ने कहा कि कानून तो हैं, लेकिन अंततः क्रियान्वयन वहां होना चाहिए। हमारे आदेश को सच्ची भावना से लागू किया जाना चाहिए।

पटाखों के निर्माता संघ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने कहा कि दिवाली 4 नवंबर को है। इस कारोबार से लाखों लोग जुड़े हुए हैं, उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा है। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) को इसपर अपना विचार रखना चाहिए। साथ ही सरकार को भी केंद्र सरकार को भी लाखों बेरोजगार लोगों को ध्यान में रखकर अपनी राय रखनी चाहिए।

# अबू धाबी में अयोध्या जितना ही भव्य मंदिर बनेगा, एक हजार साल होगी उम्र

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन अब मंदिर को लेकर दावा किया जा रहा है ये मंदिर इतना ज्यादा मजबूत होगा, कि उसकी उम्र कम से कम एक हजार साल से ज्यादा होगी। सैकड़ों इंजीनियरों की टीम इस भव्य मंदिर के निर्माण कार्य में लगी हुई है और अब एक वीडियो जारी कर इस मंदिर के निर्माण कार्य के बारे में जानकारियां दी गई हैं।

बीएपीएस हिंदू मंदिर अबू धाबी परियोजना के कोर टीम के सदस्यों ने कहा कि राजधानी में बनाया जा रहा संयुक्त अरब अमीरात का पहले हिंदू मंदिर की उम्र कम से कम एक हजार से होगी। मंदिर बनाने वाली टीम ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें मंदिर के निर्माण कार्य का काम दिखाया गया है। मंदिर के एक प्रतिनिधि ने खलीज टाइम्स को बताया कि मंदिर के आधार नींव का काम पूरा हो गया है और गुलाबी बलुआ पत्थर लगाने का काम तब शुरू होगा जब कारीगर भारत से आएंगे। यू ट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो अपडेट में, परियोजना से जुड़े सदस्यों ने कहा कि, मंदिर का निर्माण ऐतिहासिल पत्थरों से किया जाएगा।खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, धार्मिक नेता और बीएपीएस हिंदू मंदिर के प्रवक्ता पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने खुलासा किया कि, अबू मुरीखाह स्थित मंदिर की भूमि में बलुआ पत्थर की मोटी परत बिछाई गई है। मंदिर के विकास की देखरेख करने वाले





स्वामी ने कहा कि, 'यह काफी ज्यादा मजबूत और काफी ज्यादा कठोर है, और सबसे खास बात ये है कि यह सतह से सिर्फ एक मीटर नीचे था।

खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर में लगाने के लिए सफेद संगमरमर पत्थरों पर खास डिजाइन बनाए जाएंगे, जिसके लिए भारत से कारीगरों को बुलाया जाएगा। वहीं, मंदिर बनाने के प्रोजेक्ट से जुड़े स्ट्रक्चरल इंजीनियर डॉ. कॉंग साइ ओंग ने कहा कि वो इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि, उन्हें गर्व महसूस हो रहा है कि वो एक ऐसे प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हैं, जिसकी उम्र कम से कम एक हजार साल होगी। मंदिर निर्माण कराने वाली कमेटी बीएपीएस ने कहा है कि मंदिर बनाने में करीब 888 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। एयर प्रोडक्ट्स के प्रिंसिपल सिविल इंजीनियर संदीप व्यास ने कहा कि, प्रारंभिक भू-तकनीकी सर्वेक्षण से पता चला है कि जिस भूखंड पर मंदिर बनाई जानी थी, उसके केंद्र में 20 मीटर मोटा पत्थर मिला है। जिसने सभी लोगों को आश्चर्यकित तक दिया।

वहीं, आरएसपी के प्रमुख स्ट्रक्चरल इंजीनियर वसियामेद बहलिम ने कहा कि, 'हमें मौजूदा जमीनी स्तर के बहुत करीब सक्षम आधार मिला है।' शापूरजी पल्लोनजी के प्रोजेक्ट मैनेजर टीनू साइमन ने कहा कि, 'जब हमने इस परियोजना को शुरू किया, तो मैं वास्तव में आश्चर्यचकित था क्योंकि खुदाई के स्तर तक पहुंचने से पहले, हम उच्च चट्टान पर पहुंच गए थे। 15 से अधिक वर्षों से मैं जीसीसी में काम कर रहा हूं और पहली बार मुझे इतनी अच्छी नींव इतनी सीमा के भीतर मिली है।' एक हजार साल तक अडिग रहने वाले इस मंदिर के नींव के डिजाइन के बारे में बात करते हुए बीएपीएस के प्लानिंग सेल के संजय पारिख ने बताया कि, 'मंदिर का निर्माण पूरी तरह से पत्थरों से हो रहा है और हमारे प्राचीन शास्त्रों के मुताबिक मंदिर निर्माण में लौह धातु का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा'। उन्होंने कहा कि, मंदिर की नींव को काफी ज्यादा मजबूत करने के लिए फ्लाइ एश का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें 55 प्रतिशत सीमेंट और कंक्रीट का इस्तेमाल किया गया है, जिसने इसके कार्बन फुटप्रिंट को कम कर दिया है। बीएपीएस के परियोजना निदेशक जसबीर सिंह साहनी ने कहा कि, कंक्रीट को मजबूती देने के लिए बांस की छड़ें और कांच जैसी बुनियादी सामग्री का उपयोग करने की अनूठी भारतीय तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

बीएपीएस ने बताया कि, मंदिर के निर्माण कार्य में 10 देशों के 30 प्रोफेशनल इंजीनियरों ने 5 हजार घंटे काम करने के बाद मंदिर का 3डी मॉडल तैयार किया है। मंदिर का मॉडल तैयार करने के लिए कई तरह के अलग अलग सॉफ्टवेयर्स का इस्तेमाल कियागया है। बीएपीएस ने कहा कि, हिंदू इतिहास में पहली बार एक ऐसे मंदिर का निर्माण हो रहा है, जिसका डिजाइन पूरी तरह से डिजिटल तरीके से किया गया है और इसमें मंदिर निर्माण स्थान के भूगर्भविज्ञान का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके अलावा अलग अलग लेवल पर 300 से ज्यादा सेंसर्स लगाए गये हैं, जो मंदिर निर्माण के दौरान स्ट्रेस, प्रेशर, टेम्परेचर और सेस्मिक घटनाओं की लाइव जानकारी इंजीनियर्स को देती है। आपको बता दें कि पीएम मोदी ने जब संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था, उस वक्त इस मंदिर की नींव डाली गई थी।

# मंत्र से समाधान

## शनिदेव को प्रसन्न करने वाले श्लोक

**कर्तारं सर्वदुःखानां दुष्टानां भयवर्धनम्।**
**मृत्युञ्जयं महाकालं नमस्यामि शनैश्चरम॥**
भावार्थ-
दुष्टों के लिए सब दुःखों के कर्ता और भयवर्धन करने वाले मृत्युंजय

**महाकाल, शनैश्चर देव को मैं प्रणाम करता हूँ।**
**इत्तारिं ग्रहजातानां फलानामधिकारिणाम्।**
**मृत्युञ्जयं महाकालं नमस्यामि शनैश्चरम॥**
भावार्थ-
ग्रह जातकों के पाप फलों के अधिकारी, मृत्युंजय महाकाल, शनिदेव को मैं प्रणाम करता हूँ।

**सर्वेषामेव भूतानां सुखदं शान्तिभव्ययम्।**
**मृत्युञ्जयं महाकालं नमस्यामि शनैश्चरम॥**
भावार्थ-
सब प्राणियों के लिए सुखदायक, शान्तिदायक भव्य मृत्युंजय, महाकाल शनिदेव को मैं प्रणाम करता हूँ।

**कारणं सुखदुःखानां भावाऽभावस्वरूपिणाम्।**
**मृत्युञ्जयं महाकालं नमस्यामि शनैश्चरम॥**
**भावार्थ-**
भाव अभाव रूपी सुख दुखों के कारण,
मृत्युंजय, महाकाल शनैश्चरदेव को मैं
नमन करता हूँ।



शंभु सोनी
( मंत्र विशेषज्ञ )
मुंबई
siyarampress@gmail.com

# कविता

## शिक्षा ही बस एक सहारा

एक बेचारा,
भाग्य का मारा।
पढ़ न लिख पाया,
पैर में बेड़ी पड़ी
है अशिक्षा की,
किन्तु दिल में
हौंसला है।
बढ़ चलूं,आगे बढ़ूं,
काट डाली बेड़ियां,
पग कट गए,
पर हौंसला बाकी
हृदय में।
भागता है
हाथ में पेन्सिल लिए।
यही उसका
है सहारा।
इसी के बल
चले गा,
चढ़े गा,
ऊंचाइयों पर,
पड़ेगा, वह लिखेगा,
कुछ बनेगा।

## गज़ल

कभी खुशियां मनाते हैं ।
कभी रोते-रुलाते हैं ॥
ज़माने के नियम सारे ,
सभी हम तो निभाते हैं ।
कभी ये रोशनी करते ,
कभी घर को जलाते हैं।
लगी है आग जो दिल में,
वफ़ा से ही बुझाते हैं ।
समंदर हैं बड़े प्यासे ,
नदी जल सोख जाते हैं।
बलाएं दूर हो जाएं ,
सभी उत्सव मनाते हैं ।
ठिकाने से रहें घर में ,
यही हम-सब मनाते हैं।

## बूढ़ा बरगद

बूढ़ा बरगद बड़ा विशाल।
लगती यहां रही चौपाल॥
दादा जी की है पड़ताल ।
यह बरगद है एक मिसाल॥
बड़ी-बड़ी हैं इसकी डाल।
देखा सबने सालों- साल॥
इस पर झूला करते बच्चे।
ये लगते हैं मन के सच्चे॥
बूढ़ा बरगद है पहचान ।
करते सब इसका सम्मान॥
इसे देख होता मन गद्गद्।
अपना प्यारा बूढ़ा बरगद॥

## दोहे

कोटि-कोटि गुरु को नमन, दिया जिन्होंने ज्ञान।
सचमुच ईश्वर तुल्य हैं,गुरुवर बहुत महान।
राम-नाम हनुमत रटें, जपते नित श्रीराम।
सीता-राम चरण बसें, बजरंगी अभिराम॥
हनुमत रक्षा कीजिए, फैला अत्याचार।
दुष्टों का संहार कर, शीघ्र करें उपचार॥
हंसते मुस्काते रहें, सुखमय हो परिवार।
ध्यान रखें मन में कभी,बसे नहीं कुविचार॥



विधा : पद्य रचनाकार :
ओम प्रकाश खरे
जौनपुर (उ.प्र.)

# आंवला जूस पीने के फायदे और नुकसान



आंवले का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। एक आंवले में दो संतरे के बराबर विटामिन सी पाया जाता है, जो कई बीमारियों से लड़ने में मददगार होता है। आंवला के फल या जूस का आप सेवन करते हैं तो आपको विटामिन सी के अलावा जिंक, आयरन, कैरोटीन, फाइबर, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट्स आदि मिलते हैं। आंवला के नियमित सेवन से आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं।

**सके फायदे:** -आंवला खाने से आपके शरीर में प्रोटीन का स्तर अधिक होता और नाइट्रोजन संतुलित होता है, जिससे फैट कम होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है।

-आंवला खाने से खून साफ होता है। एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी के कारण आपकी त्वचा चमकती है।

-आंवले का जूस पेट से जुड़ी कई समस्याओं के लिए काफी फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत मिलती है।

-अगर आपके पेट में जलन होती है और गैस की समस्या है तो आंवला जूस पीना चाहिए। अगर एसिडिटी की समस्या है तो घी के साथ आंवला जूस दिन में दो बार लेने से राहत मिलती है।

-आंवला का जूस आंखों से जुड़ी समस्याओं के लिए फायदेमंद होता है। इससे आंख की रोशनी तेज होती है। आंखों में खुजली या आंख से पानी गिरने की समस्या दूर होती है।

-रोज सुबह खाली पेट एक ग्लास पानी में दस एमएल आंवले का जूस मिलाकर लें। इससे शरीर में मौजूद सारे विषैले तत्व बाहर निकल जाएंगे।

**आंवला जूस कब पिएं :** सुबह खाली पेट आंवला जूस केवल 10 मिलीग्राम ही लें। बढ़ाकर 20 मिलीग्राम कर सकते हैं. इससे ज्यादा आंवला जूस का सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है. अलग-अलग समय पर इसे दो बार में भी ले सकते हैं।

**आंवला जूस के नुकसान :** अगर आप आंवले और अदरक को एक साथ खाते हैं, तो इसका खराब असर आपके लिवर पर पड़ सकता है। ज्यादा आंवला खाने या इसका जूस पीने से आपके लिवर में SGPT की मात्रा बढ़ जाती है। जिसकी वजह से आपकी पाचन प्रकिया को परेशानी पहुंच सकती है।

# रोजाना गुड़ खाने से होते हैं अनगिनत फायदे

खाने के बाद सभी को कुछ मीठा चाहिए। बहुत से लोग मानते हैं कि प्राकृतिक मीठे विकल्पों के लिए जाना एक अच्छा विचार है और सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले प्राकृतिक मीठे खाद्य पदार्थों में से एक गुड़ है। लेकिन क्या आपने कभी इसके साइड इफेक्ट के बारे में सोचा है? तो आइए जानते हैं गुड़ खाने के फायदे



**रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाता है:** कई लोग भोजन के बाद गुड़ को एक सुरक्षित मिठाई के रूप में मानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि 100 ग्राम गुड़ में लगभग 383 कैलोरी होती है। तो, इसे रोजाना खाने से आपके ब्लड शुगर में भारी उछाल आ सकता है।

**बहुत अधिक परजीवी संक्रमण का कारण बन सकता है:** गुड़ ज्यादातर अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित होता है और कभी-कभी कच्चे माल को ठीक से नहीं धोया जाता है। तो, यह संक्रमण और रोगाणुओं को ले जा सकता है। इसलिए, आपको गुड़ खरीदने से पहले अच्छी तरह से जांच कर लेनी चाहिए और सुनिश्चित करें कि आप इसे नियमित रूप से ज्यादा नहीं खाते हैं।

**खाद्य एलर्जी की ओर ले जाता है:** कभी-कभी बहुत अधिक गुड़ खाने से सर्दी, मतली, पेट दर्द, खांसी, सिरदर्द और उल्टी आदि हो सकती है। हमारा सुझाव है कि आप इसका सेवन कम करें।


**ज्यादा सेवन से बढ़ सकता है वजन:** गुड़ में फैट और प्रोटीन के साथ-साथ ग्लूकोज और फ्रुक्टोज भी होता है। और इसलिए, हर दिन बहुत अधिक गुड़ खाने से वजन बढ़ सकता है। ज्यादा खाने से पहले एक बार फिर से सोच लें।

**कब्ज पैदा कर सकता है:** गुड़ की थोड़ी मात्रा इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करती है और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती है, लेकिन इसके ज्यादा सेवन से पाचन खराब हो सकता है और कब्ज की समस्या हो सकती है।

# 8 साल का कुत्ता बना 36 करोड़ का मालिक

किसी कुत्ते के करोड़पति बनने की खबर सुनकर हर कोई हैरान रह जाता है. जिस दौर में अनेक साल मेहनत करने का बावजूद इंसान 1 लाख रुपये नहीं कमा पाता है उसी दौर में देखते ही देखते एक मामूली कुत्ता करोड़पति बन गया. कुत्ते के मालिक ने उसे करोड़ों की सम्पत्ति का मालिक बना दिया. ये खबर तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. इस खबर पर यकीन करना मुश्किल है लेकिन ये पूरी तरह सच है.

आपको बता दें कि आठ साल का एक कुत्ता है जिसका नाम लुलू है, वो एकाएक 36.29 करोड़ रुपए का मालिक बन गया है.



# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन मन मुताबिक रुचि पूर्ण गतिविधियों में व्यतीत होगा। जिससे आप अपने आपको पुनः ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। विद्यार्थियों को करियर से संबंधित कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। सच्चे दोस्त ही आपके काम आ सकते हैं।

**वृषभ :** आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होने वाली है। लोगों की परवाह ना कर के अपने कार्यों पर ध्यान दें। किसी जरूरतमंद मित्र की सहायता करके आपको आत्मिक खुशी मिलेगी। किसी नजदीकी रिश्तेदार के यहां जाने का आमंत्रण भी मिलेगा।

**मिथुन :** घर में किसी अविवाहित सदस्य के विवाह संबंधी प्रस्ताव आने की संभावना है। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात लाभदायक और सम्मानजनक रहेगी। आज ग्रहों की स्थिति नई उपलब्धियां दिला सकती हैं, जिससे काफी फायदेमंद हो सकती

**कर्क :** अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं को फलीभूत करने के लिए उचित समय है। पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी आर्थिक नीतियों पर काम करें। आपको अवश्य ही बेहतरीन परिणाम हासिल होंगे। सामाजिक गतिविधियों में उचित समय व्यतीत होगा।

**सिंह :** आज कोई शुभ समाचार मिलने से अपने अंदर विश्वास और एक नई ऊर्जा महसूस करेंगे। राजकीय संपर्क भी आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। कोई महत्वपूर्ण यात्रा से संबंधित योजना भी बन सकती हैं। जीवन में तनाव उत्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या :** आज परिस्थितियां सामान्य है। परंतु वह आपके किसी सराहनीय काम की वजह से आपकी योग्यता और काबिलियत की घर और समाज में प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग को किसी प्रोजेक्ट के प्रति मेहनत के उचित परिणाम मिलेंगे।

**तुला :** दूसरों से मदद लेने की बजाय अपनी कार्य क्षमता और योग्यता पर अधिक विश्वास रखें। आपके लिए लाभदायक व खुशी भरी स्थितियां बन रही है। आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। दोस्तों के साथ भी मेल मिलाप रहेगा। और अच्छे नतीजे भी हासिल होंगे।

**वृश्चिक :** आज ग्रह गोचर आपके पक्ष में है। थोड़ी सी सावधानी और आत्मविश्वास द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न होते जाएंगे। युवा वर्ग को भी किसी प्रकार की उपलब्धि हासिल होने से मन में सुकून रहेगा। नेगेटिव- किसी भी प्रकार की बातचीत अथवा व्यवहार करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करें।

**धनु :** आज वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा। किसी रिश्ते में नई शुरुआत करने के लिए समय अनुकूल है। हमें कुछ मिलाजुला प्रभाव लेकर आ रहा है, परंतु उसे बेहतरीन बनाना आपकी योग्यता पर निर्भर करता है। नेगेटिव- किसी पारिवारिक मसले को लेकर भाई बहनों के साथ कहासुनी हो सकती हैं। किसी भी अनिर्णय की स्थिति में घर के बुजुर्गों की सलाह अवश्य लें।

**मकर :** आज किसी धार्मिक संस्था के प्रति आपका सेवा भाव तथा सहयोग करना आपको आत्मिक खुशी देगा। पैतृक प्रॉपर्टी संबंधी कोई मामला अटका है, तो वो आसानी से हल होने की संभावना है। परिवार के साथ शॉपिंग आदि कार्यों में भी उचित समय व्यतीत होगा।

**कुम्भ :** आपका प्लानिंग से काम करना तथा सकारात्मक सोच आपके तथा परिवार के लिए नई दिशा प्रदान करेंगी। अगर घर में किसी प्रकार के सुधार संबंधी योजना बन रही है तो वास्तु के नियमों का अवश्य प्रयोग करें, ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कभी-कभी आपका बहुत अधिक अनुशासित होना दूसरों के लिए परेशानी का कारण बन जाता है।

**मीन :** आज आप अपनी योग्यता अनुसार कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। जो कि आपके लिए फायदेमंद भी साबित होंगे। संतान की तरफ से भी कोई गंभीर चिंता दूर होगी। कोई पारिवारिक मांगलिक आयोजन संबंधी योजनाएं भी बनेंगे। नेगेटिव- भाइयों के साथ संबंधों में खटास ना आने दे।

# संक्षिप्त समाचार

## निजी क्लीनर से नहीं साफ करवा सकते सीवेज-सीवर

**विरार।** राज्य सरकार की सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती के तहत सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सरकार ने सीवेज और सीवर की मैन्युअल सफाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। शहर के किसी भी नागरिक को अपने भवन, घर या व्यावसायिक भवन के सेप्टिक टैंक को किसी भी निजी क्लीनर द्वारा मानवीय तरीके से साफ करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। गंदगी टैंक को मानवीय रूप से साफ करना खतरनाक है। इससे संबंधित प्राइवेट कर्मचारी की मौत हो सकती है। इसलिए ऐसा कार्य करते पाए जाने पर कार्य करने वाले नागरिक अथवा संस्था/संगठन के विरुद्ध भी आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। प्रिवेंशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एंड रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 के तहत अपराधी को 2 साल तक की कैद या 2 लाख रुपये जुर्माना या दोनों हो सकता है। अपराध की पुनरावृत्ति के मामले में, अपराधी को 5 साल तक की कैद या 5 लाख रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। साथ ही सीवेज टैंक की सफाई के दौरान किसी भी तरह की जान जाने की स्थिति में मृतक सफाईकर्मी के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजे के रूप में देने होंगे। वसई-विरार नगर निगम ने गंदगी टैंक की यांत्रिक सफाई के लिए प्रत्येक वार्ड में 9 गंदगी ट्रक (सक्शन मशीन) शुरू किए हैं। सीवर साफ करने के लिए सक्शन कम जेटिंग मशीनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम ने नागरिकों की शिकायतों को दर्ज करने और हल करने के लिए विभिन्न साधन उपलब्ध कराए हैं। इसमें टोल फ्री हेल्पलाइन सेवा '14420' शुरू की गई है। नागरिक व्हाट्सएप नंबर 8446622280 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://vvcmc.in और वी-क्लिक एप पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। वे केंद्र सरकार श्ध्र्ळीस्वच्छता ऐप पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विभाग ने शिकायत के समाधान के लिए एक स्वतंत्र टीम का गठन किया है। पूरे ऑपरेशन को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने एक ईआरएसयू सैनिटेशन रैपिड एक्शन फोर्स का भी गठन किया है। टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14420 पर कॉल करें। या https://vvcmc.in आधिकारिक वेबसाइट / वी-क्लिक ऐप / एमओएचयूए स्वच्छता ऐप पर रिपोर्ट करें।

## वसई खेल महोत्सव और साहित्य उत्सव के आयोजन की तैयारी शुरू

**वसई।** वसई में हर साल आयोजित होने वाला वसई तालुका कला और खेल महोत्सव और साहित्य जलोश कार्यक्रम पिछले साल कोरोना के कारण रद्द कर दिया गया था। इसलिए खेलप्रेमियों और साहित्य प्रेमियों में आक्रोश था। हालांकि आयोजकों ने इस साल दोनों आयोजनों को आयोजित करने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया है, जिससे लेखकों और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। वसई तालुका कला और खेल उत्सव पालघर जिले के वसई तालुका की एक अलग पहचान है। इस फेस्टिवल के जरिए अब तक कई खिलाड़ी और कलाकार राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। पिछले साल कोरोना की वजह से फेस्टिवल कैंसिल कर दिया गया था। लेकिन इस साल कोरोना के प्रसार में गिरावट आई है और प्रतिबंधों में ढील दी गई है। इसलिए एक बार फिर कला एवं खेल महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए 2 अक्टूबर को वसई क्रीड़ा भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया था। हालांकि इससे खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है।

वहीं दूसरी ओर वसई में पिछले साल से खेल आंदोलन के साथ-साथ साहित्य आंदोलन ठप हो गया था। कला क्रीड़ा महोत्सव के बाद साहित्य के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे साहित्य जलोश ने बैठकें शुरू कर दी है। इस संबंध में वसई में साहित्य जलोश की एक सभा का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न लेखकों, कवियों, पत्रकारों और साहित्यकारों ने भाग लिया। कोरोना को लेकर सरकार के नियमों का पालन करते हुए दिसंबर में 20वां साहित्य जलोश मनाया जाए। ऐसा प्रस्ताव कोषाध्यक्ष प्रकाश वनमाली ने बैठक में रखा। बैठक में इस पर चर्चा हुई और अगली बैठक में निर्णय लिया गया। इसलिए, यदि इन दोनों बैठकों में निर्णय लिया जाता है, तो वसईकर को तालुका कला और खेल महोत्सव के बाद साहित्य और संस्कृति की दावत भी मिलेगी।

# भिवंडी में भारी बरसात ने मनपा की खोली पोल, जलभराव से जन जीवन अस्त व्यस्त

**सुरेन्द्र तिवारी**

**भिवंडी।** भिवंडी में गुलाब तुफान का भारी असर दिखाई दिया ट रुक-रुक कर तेज हवाएं लगातार रुक-रुक कर तेज बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त दिखाई दिया। सड़कों के कई इलाकों में जलजमाव देखने को मिला, रोजमर्रा के काम करने बालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

समुद्र में उठे गुलाब तूफान से भिवंडी में लगातार हो रही तेज बारिश के कारण जनजीवन काफी प्रभावित हुआ। तेज हवाएं रिमझिम बारिश और रुक-रुक कर तेज बारिश के कारण रोजमर्रा के काम करने वालों पर भारी असर दिखाई दिया। कई इलाकों में सड़कों पर जलजमाव के कारण यातायात बाधित भी हुआ। यातायात बाधित होने से भारी ट्रैफिक जाम दिखाई दिया, बंजार पट्टी नाका, कल्याण रोड, कल्याण नाका, तिरुपति हॉस्पिटल, धमनकर नाका,



पूर्णा, अंजुर फाटा, कशेली, कल्हेर, दापोड़ा, साईं बाबा मार्ग, मनकोली नाका, राज नोली नाका, तडाली रोड,आदि इलाकों में ट्रैफिक जाम रहा। जिसके कारण शहरियों को भारी समस्या से जूझना पड़ा सड़क पर व्यापार करने वाले व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। सड़कों पर बड़े-बड़ बड़े खड्डे के कारण यातायात चलाने वालों को काफी मुश्किलें हुई। मौसम विभाग द्वारा मिली जानकारी के



अनुसार अभी 2 दिन तक तूफान का असर रहेगा। ऐसे में तूफान से बचने के लिए मौसम विभाग द्वारा दी गई चेतावनी का पालन करना अति आवश्यक है।

# किसानों द्वारा भारत बंद के दौरान भिवंडी कांग्रेस ने किया समर्थन

**प.स.संवाददाता**

**भिवंडी।** किसानों द्वारा चल रहे किसान विरोधी कृषि काले कानून को लेकर देशव्यापी आंदोलन में ठाणे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की तरफ से अध्यक्ष दयानंद मोतीराम चोरघे द्वारा समर्थन देते हुए कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों ने आज भारत बंद का ऐलान किया है जिसमें कांग्रेस पार्टी समर्थन देने की घोषणा की है इसी के तहत आज यह आंदोलन सरकार के विरोध में किया जा रहा हैत




ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा 3 कृषि कानून को नाटकीय ढंग से लोकसभा में पास किया गया। किसानों द्वारा पूरे देश में विरोध किया जा रहा है। ऐसे में आज लगभग 9 महीने से ज्यादा दिन गुजर जाने के बाद भी सरकार ने किसी भी प्रकार का उचित कदम नहीं उठाया है। यह कार्यक्रम दयानंद मोतीराम चोरघे के जनसंपर्क कार्यालय मुंबई नासिक महामार्ग क्रमांक 3 पर रखा गया था जहां पर सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने इकट्ठे होकर सरकार को कानून वापस लेने की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए और कहा कि जब तक दिल वापसी नहीं तब तक संघर्ष हुआ कि नहीं होगा।कांग्रेस पार्टी द्वारा यह ऐलान किया गया कि सरकार अगर नागरिकों पर अत्याचार करती है तो कांग्रेस उसका विरोध जमकर करेगी। सड़कों पर उतर कर लोगों को जागृत करते हुए इस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प भी लिया गया।

# प्रकाश बुटानी ने ग्रहण किया पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक के महत्त्वपूर्ण पद का कार्यभार

**प.स. संवाददाता**

मुंबईः भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी प्रकाश बुटानी ने सोमवार, 27 सितम्?बर, 2021 को पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक के महत्वपूर्ण पद का कार्यभार ग्रहण किया। प्रकाश बुटानी इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 1985 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इससे पहले ये मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, डीजल कम्पोनेंट वर्क्स / पटियाला और रेल कोच फैक्ट्री / कपूरथला में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे। आरडीएसओ/ लखनऊ में पोस्टिंग के



दौरान वे-साइड डिटेक्शन सिस्टम के विकास हेतु रेलवे सुरक्षा के प्रौद्योगिकी मिशन के तहत आईआईटी कानपुर के साथ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में शामिल रहे। ये दक्षिण रेलवे के त्रिवेंद्रम डिवीजन में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य कर चुके हैं। पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पहले इन्होनें मध्य रेल में मुख्य संरक्षा अधिकारी और बाद में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (परियोजना) के पद पर कार्यरत थे।

# महाराष्ट्र राज्य शोतोकान कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न

**भिवंडी।** भिवंडी के मिल्लत नगर स्थित फरहान हाल में डब्ल्यूएफएसकेओ भिवंडी अर्गनाइजेशन 5वां डॉन ब्लैक वेल्ट सलीम खान द्वारा आयोजित शोतोकान कराटे स्पर्धा भव्यता के साथ संपन्न की गयी ।

बतादें कि सलीम खान पिछले 30 वर्षों से बच्चों को कराटे के माध्यम से अनुशासन , फिटनेस , स्व सुरक्षा की शिक्षा देने का भिवंडी ठाणे आदि शहरों में दे रहे हैं । इस कराटे प्रतियोगिता में भिवंडी के अलावा पालघर , वाडा , ठाणे , मुंबई उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की टीमों के 350 प्रतियोगी बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिल्वर , कांस्य , गोल्ड मेडल व सम्मान-पत्र मुख्य अतिथियों




के हाथों प्राप्त किया।उक्त स्पर्धा में माजराइन स्कूल की टीम प्रथम स्थान हासिल करने में सफलता प्राप्त किया है । उक्त स्पर्धा को सफल बनाने में वर्ल्ड फुनाकोशी शोतोकान कराटे अर्गनाइजेशन के मास्टर हसन एम इस्माइल के मार्गदर्शन में मास्टर प्रदीप माने , नितेश पाटिल , राजू प्रसाद , प्रेम मेहता , असलम शेख , अकबर अली , हारुन अंसारी , असलम अंसारी , जीशान अंसारी , माधव बीरेवार , भूमि बीरेवार , अरविंद जैसवार , सैफन पठान , सुजीत विश्वकर्मा , सचिन , मांगीलाल , रौनक , अख्तर , कमलेश गिरि , डान , रहीम संदेश , भोर आदि लोगों का रहा है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिवंडी मनपा के उपमहापौर इमरान वली खान , नगर सेविका मिशबाह इमरान खान , माजराइन स्कूल की प्राचार्या सारिका मोमिन , आचार्य सूरजपाल यादव , नगरसेवक बबलू , आरिफ खान , इमाम अंसारी , इकबाल सिद्दीकी , एडवोकेट जितेन्द्र लसने , शिबू कुरेशी आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन पत्रकार खान फखरे आलम ने किया ।

# महावीर अस्पताल राज्य के वंचित बच्चों की निःशुल्क करेगा कार्डिएक सर्जरी

**रमेश ठाकुर**

**ठाणे ।** बच्चों में दिल की बीमारी एक गंभीर समस्या है और नवजात बच्चों की मौत में एक प्रमुख कारण यह भी है। ऐसे में हमारा लक्ष्य है कि ,शुरुआती दौर में ही अलग-अलग तरह की दिल की बीमारियों का पता लगा सके, ताकि समय पर उनका उपचार किया जा सके । इसी उद्देश्य के साथ वर्ल्ड हार्ट डे अर्थात विश्व हृदय दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में जागरूकता अभियान के तहत जरूरतमंदों को दिल से जुड़ी जटिल समस्याओं से ग्रस्त 50 से अधिक बच्चों की निःशुल्क सर्जरी करने का निर्णय श्री महावीर अस्पताल ने अपने दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर लिया है।

यह जानकारी बीते दिन श्री महावीर अस्पताल द्वारा अपने दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक पत्रकार परिषद के माध्यम से दी। आगे श्री महावीर जैन अस्पताल ने अपने दूसरे



स्थापना दिवस के अवसर पर दिल की सेहत पर आधारित कुछ स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की है । विश्व हृदय दिवस के अवसर पर अस्पताल पूरे महाराष्ट्र में उन वंचित बच्चों की मुफ्त में कार्डियक सर्जरी की जिम्मेदारी उठाएगा, जो जन्मजात दिल की बीमारी ग्रस्त है। 29 सितंबर को ठाणे में कार्डियक स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन करने जा रहा है । जो मुंबई और ठाणे के झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में विभिन्न कार्डियोवेस्कुलर डिजीज का पता लगाकर उनका उपचार करेगा। इस शिविर में ईसीजी ,पल्स चेकिंग बीपी और ब्लडशुगर की निशुल्क जाँच करेंगे।

इस पत्रकार परिषद के दौरान श्री महावीर अस्पताल ने बताया कि, 500 मोतियाबिंद की सर्जरी की गई है, जोकि भविष्य में भी जरूरतमंद मरीजों की सेवा के लिए यह अभियान ऐसे ही तेज गति से चलता रहेगा उन्होंने यह भी बताया कि, जन्म से ही बाहरी और भीतरी कान के बिना पैदा हुए कजाखस्तान के बच्चों का ईयर रिकंस्ट्रक्शन की सफलतापूर्वक सर्जरी की। महावीर जैन अस्पताल ठाणे महानगरपालिका और जीआईटीओ एजुकेशनल एंड मेडिकल ट्रस्ट की एक संयुक्त पहल है 2019 में स्थापित महावीर जैन अस्पताल सर्वश्रेष्ठ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में से एक माना जाता है यह चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं की एक विविध स्पेक्ट्रम प्रदान करता है ।यह अस्पताल ठाणे में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को कम लागत पर सभी के लिए सस्ता और सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत है।

# मीरा भायंदर मनपा की ईमानदार कर्मचारी को सम्मानित किया





**प.स.संवाददाता**

**भाईदंर।** अनंत चतुर्दशी पर भाईदंर (प.) नगर भवन मंडली तलाव में गणेश विसर्जन के लिए कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी नर्स सीमा सालुंखे ने अपनी ड्यूटी करते हुए करीब एक लाख रुपये का सोने का आभूषण गणेश भक्त को सुपुर्द किया। जानकारी के मुताबिक एक महिला गणेश भक्त तालाब के पास विसर्जन हेतु गयी थी। कुछ समय बाद महिला भक्त ने देखा कि हम स्वीकृति केंद्र में श्रीगणेश मूर्ति के साथ वह अपने सोने के आभूषण वही भूल गयी। लेकिन वह तुरंत स्वीकृति केंद्र पहुंची। उस समय स्वीकृति केंद्र में कार्यरत सीमा सालुंखे ने ईमानदारी का परिचय देते हुए उस गणेश भक्त महिला का लाखों रुपए का आभूषण उसे सम्मान सहित वापस लौटा दिया।

इस ईमानदारी से किए गए कार्यों की सराहना करते हुए मीरा भाईदंर मनपा महापौर ज्योत्सना हस्नाले ने सीमा सालुंखे और मंजुला राजेंद्र स्वामी को सम्मानित किया। इस अवसर पर मनपा आयुक्त दिलीप ढोले, अपर आयुक्त संभाजी पानपटे, उपायुक्त (स्वास्थ्य विभाग) संजय शिंदे, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रकाश जाधव, डॉ. अंजलि पाटिल सुरेश खंडेलवाल और अनिल विरानी आदि मनपा कर्मचारी उपस्थित थे।

# चुनावी आहट से भिवंडी मनपा चुनाव को लेकर राजनैतिक पार्टियों में सरगर्मियां तेज

**प.स.संवाददाता**

**भिवंडी-** भिवंडी महानगर पालिका का चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है। सबसे बहुचर्चित वार्ड क्रमांक 22 में इन दिनों प्रत्याशियों की हलचल तेज है। मतदाताओं की जी हजूरी में सभी प्रत्याशी जुट गए हैं। ज्ञात हो कि 3 प्रत्याशियों के पैनल की घोषणा होते ही अपने अपने स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। बीजेपी शिवसेना व कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए की हलचल तेज दिखाई दे रहा है। संभावित प्रत्याशियों में सुमित पाटील, विठोबा नाईक, श्याम अग्रवाल, नितेश ऐनकर, कमलाकर पाटिल, मनोज सिंह, तुषार चौधरी, राजू गाजंगी,




देवानंद थले, पिंटिया पाणिकराव, मयूर चौधरी, तुषार चौधरी, विनय पंडित, प्रसाद पाटील, प्रेम तिवारी, सिंघम हैं। इसके अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कथा इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी भी अपने प्रत्याशी उतारने के फिराक में है। समाजवादी तथा आम आदमी पार्टी व आई एमआईएम भी अपने उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना भी ताल ठोक रही है।

# रेल राज्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य में रेल परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की

**सुजीत मिश्र**

**मुंबईः** रेल राज्यमंत्री दर्शना विक्रम जरदोश ने कल यानी 28 सितंबर 2021को देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। इस चर्चा के दौरान रेल सेक्शनों का विद्युतीकरण, पहले से मौजूद रेल लाइनों का दोहरीकरण, स्टेशन पुनर्विकास योजनाएं और नई रेल लाइन परियोजनाएं शामिल थीं।

इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, मुरादाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अजय नंदन और उत्तर रेलवे के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक के बारे में विस्तार से बताते हुए दोनों मंत्रियों ने कहा कि उत्तराखंड में रेलवे की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।





हिमालय की भूमि वाले इस राज्य में विभिन्न स्थानों के लिए रेल संपर्क लोगों की यात्रा को अधिक सुरक्षित, किफायती और आरामदायक बना देगा। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील इस क्षेत्र के लिए रेलवे हर मौसम में उपलब्ध रहने वाली पर्यावरण अनुकूल आदर्श जन परिवहन प्रणाली साबित होगी। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और लोगो को रोजगार, विपणन और व्यापार के अवसर उपलब्ध होंगे। रेल राज्यमंत्री ने ऋषिकेश के समीप ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना स्थल का दौरा किया। उन्होंने वहाँ टनल बोरिंग का काम देखा ऋषिकेश-कर्णप्रयाग ब्रॉडगेज रेल लाइन पर कार्य की स्थिति की समीक्षा करते हुए रेल राज्यमंत्री ने कहा कि यहाँ तीव्र गति से कार्य चल रहा है और इस प्रतिष्ठित परियोजना को समय पर पूरा करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि रेल परियोजना के साथ-साथ रेलवे सड़कों के निर्माण का कार्य भी कर रही है जिससे पहाड़ी क्षेत्रों के कई अनेक दूर-दराज के गाँवों को रेल संपर्क मुहैया होगा। चारधाम सर्किट पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक अध्ययन उत्साहजनक रहा है। परियोजना की व्यवहार्यता की विशेषताओं का पता लगाने के लिए सक्षम विशेषज्ञों द्वारा और अधिक सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस पर विस्तार से बोलते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कई स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है और वहाँ नई सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी है। इससे राज्य में आने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को सुविधा होगी।

# संपादकीय

## कूटनीति और रणनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस बार की अमेरिका यात्रा कूटनीतिक दृष्टि से अधिक महत्त्वपूर्ण कही जा सकती है। पिछले डेढ़ सालों में देश और दुनिया में स्थितियां काफी कुछ बदल गई हैं। अमेरिका में बाइडेन सरकार आने के बाद वहां के राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। अफगानिस्तान में तालिबान ने लोकतांत्रिक सरकार को अपदस्थ कर सत्ता हासिल कर ली है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत वहां अपनी जड़ें रोपना चाहता है। पाकिस्तान को भी लग रहा है कि अफगानिस्तान के सहारे वह कश्मीर में भारत को अस्थिर कर सकता है। ऐसे में अमेरिका ने ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया के साथ भारत को शामिल करके चार देशों का जो क्वाड नामक चतुर्गुट बनाया है, वह दुनिया की बदलती स्थितियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से काफी महत्त्वपूर्ण साबित हो सकता है। हालांकि कुछ लोगों का मानना रहा है कि भारत को अब अमेरिका से वैसी नजदीकी नहीं हासिल होगी, जो पहले थी। मगर क्वाड सम्मिलन ने उस धारणा को निराधार साबित कर दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी की दुनिया के कुछ प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात और संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके भाषण से स्पष्ट हो गया कि आने वाले समय में दुनिया के राजनीतिक समीकरण और बदलेंगे।

प्रधानमंत्री का संयुक्त राष्ट्र में दिया भाषण न सिर्फ साहसिक और बेबाक था, उन देशों के लिए एक तरह से चुनौतीभरा भी था, जो भारत की तरफ टेढ़ी नजर रखते हैं। माना जा रहा है कि क्वाड का गठन चीन को चुनौती देने के मकसद से किया गया है, पर किसी भी सदस्य देश ने अभी तक उसका नाम नहीं लिया है। इस बैठक को अफगानिस्तान में हुए सत्ता परिवर्तन के मद्देनजर अधिक महत्त्वपूर्ण माना जा रहा था और सारी दुनिया की नजरें लगी थीं कि इसके सदस्य देश इस मुद्दे पर क्या रुख अख्तियार करते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने दुनिया में लोकतंत्र की अहमियत बताते हुए रेखांकित किया कि किसी भी रूप में इसका गला घोटा जाना बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी लोकतंत्र के महत्त्व को रेखांकित किया और चीन तथा पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कह दिया कि कुछ देश अफगानिस्तान की जमीन को अपने राजनीतिक मकसद के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं। फिर समुद्री सीमा में बेजा दखल की कोशिशों और आतंकवाद को शह देने वाले देशों की भी उन्होंने जम कर आलोचना की।

चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत भारत की सीमाओं पर चुनौतियां पेश करता रहा है। पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के प्रति उसका नरम रुख और संयुक्त राष्ट्र में उसके खिलाफ लाए गए प्रस्तावों पर विरोध में चीन का खड़ा होना भी जगजाहिर है। इसलिए अफगानिस्तान में आतंक के बल पर बनी सरकार के साथ उसका खड़ा होना दुनिया के तमाम देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। इससे निपटने की रणनीति में संयुक्त राष्ट्र के ढांचे को बदलने की जरूरत अब पहले से कहीं अधिक गाढ़ी हो गई है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र में बदलाव किया जाना चाहिए।

# सावधान मुसाफिर, समुद्र तट पर बनी गगनचुंबी और संगमरमरी इमारतों को बहुत खतरा

प्रकृति का तर्क सम्मत वैज्ञानिक अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं ने आशंका अभिव्यक्त की है कि अगले तीन दशक में समुद्र तट के आसपास बसे महानगर और बस्तियां, समुद्र में तूफान से नष्ट हो जाएंगी। विश्व की जलवायु में मात्र 1 डिग्री तापमान बढ़ने के कारण यह विनाश संभव है। पंचांग जानने वाले कुछ लोगों ने समय-समय पर इस तरह की भविष्यवाणियां की हैं कि विनाश फलां वर्ष होगा। इस बार विनाश की आशंका वैज्ञानिकों ने गहरा शोध करके दी है। अतः इसे गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है।

मुंबई, कोलकाता, न्यूयॉर्क, चेन्नई इत्यादि महानगर समुद्र तट पर बसे हैं। मुंबई का कुछ भाग समुद्र में बड़े पत्थर डालकर सपाट बनाया गया है। समुद्र सीमा का उल्लंघन किया गया है। समुद्र स्वयं ही अदालत है और वह अदालत अपना अधिकार ले सकती है। उसकी एक करवट ही बहुत है कहर ढाने के लिए। नगर के कुएं पाटकर बस्तियों में बदल दिए गए हैं। श्याम बेनेगल की फिल्म 'शाबाश अब्बा' में एक कुआं बनाने के लिए सहकारिता बैंक से कर्ज पाने को लेकर रिश्वत देने का किस्सा है। दरअसल, कुआं बनाने का काम हुआ ही नहीं परंतु उसके निर्माण का पूरा ब्यौरा खातों में दर्ज है। अतः बोमन ईरानी अभिनीत पात्र उस कुएं की चोरी की रपट दर्ज करता है। यह एक अत्यंत मनोरंजक फिल्म रही। खबर यह भी है कि 'गुलाब' नामक समुद्री तूफान अब आंध्र प्रदेश में टकराने ही वाला है। बहुत सी बस्तियां सुषुप्त अवस्था में पड़े ज्वालामुखियों पर बनी हुई हैं। हमने धरती को कितना लूटा है, इसका विवरण भी एक किताब में है।



'टाइटैनिक' के लिए प्रसिद्ध फिल्मकार जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार' में प्रस्तुत किया गया है कि एक दल, दूसरे गोले पर पहुंच गया है। पृथ्वी से हजारों मील की दूरी पर उसी स्थान के वृक्ष मशीनों द्वारा उखाड़े जा रहे हैं। दल की एक महिला सदस्य कहती है किसी स्थान पर काटे जा रहे वृक्षों का दर्द हजारों मील दूर धरती पर लगे वृक्षों को भी हो रहा होगा। सभी पर्वत, वृक्ष- नदियां एक-दूसरे के दर्द को महसूस करते हैं। परंतु मनुष्य अपने पड़ोसी तो दूर, अपने परिवार के सदस्य के दर्द से भी अनजान बना रहता है।

फिल्म 'केदारनाथ' में भी प्रकृति के तांडव का कुछ विवरण प्रस्तुत किया गया था। विज्ञान फंतासी फिल्मों में भी विनाश की आशंका को रेखांकित किया गया है। 'मैट्रिक्स' महत्वपूर्ण फिल्म है। इस विषय पर महाकाव्य भी लिखे गए हैं। पृथ्वी पर विनाश से बचने के लिए अनगिनत पौधे लगाए गए हैं। उनकी रक्षा के लिए लोहे से बने ट्री गार्ड लगाए जाते हैं। लेकिन कुछ ही समय में लोहे के बने ट्री गार्ड चोरी चले जाते हैं और कबाड़ियों को बेच दिए जाते हैं। यही माल इस्पात कारखाने में दूसरी बार पिघलाकर नया इस्पात बनाया जाता है।

कुछ लोगों की पाचन क्रिया बड़ी मजबूत है वे लोहा, इस्पात लकड़ी, जंगल, सूखी नदी कैसे हजम कर लेते हैं! कमाल है कि वे इतना सब खाने के बाद डकार भी नहीं लेते। गोया कि हमारे पास अभी कुछ समय है और उस सीमित समय में भी बहुत प्रयास किए जा सकते हैं। सारी जवाबदारी नागरिकों की है। व्यवस्थाओं के भरोसे नहीं बैठा जा सकता। मनुष्य का गफलत में डूबे रहने का माद्दा इतना बड़ा है कि वह तूफान के आने के पहले शुतुरमुर्ग की तरह, रेत में अपना सिर छुपाकर समझता है कि तूफान गुजर गया है।

बहरहाल, समुद्र तट पर बनी गगनचुंबी संगमरमरी इमारतों को बहुत खतरा है। समुद्र तट की रेत में घरौंदा बनाने वाले मासूम मुतमइन हैं कि घरौंदे सपनों के मानिंद कायम रहते हैं। शोध करने वालों ने तीन दशक का समय दिया है। मानव इतिहास में तीन दशक, पलक झपकते ही बीत जाते हैं। अतः नागरिक इसी पल पौधे लगाएं, वृक्षों की रक्षा के उपाय करें। जिंदगी के ख्वाब में सब कुछ सच है मेरे हमसफर, हमराही और हमजाद।

# आज का जीवन मंत्र

## विचारों में पवित्रता चाहते हैं तो अन्न हमेशा ईमानदारी की कमाई का ही खाना चाहिए



गुरुनानक जी एक गांव में रुके हुए थे। उनके आसपास काफी भीड़ रहती थी। उस समय गुरुनानक जी को बताया कि गांव के एक जमींदार आए हैं, आपसे मिलना चाहते हैं और आपके लिए भोजन लेकर आए हैं।

गुरुनानक जी ने जमींदार को बुलवाया। जमींदार ने उन्हें प्रणाम किया। गुरुनानक जी ने उससे कहा, 'भोजन यहां रख दीजिए।'

जमींदार ने खाना वहीं रख दिया और गुरुनानक जी लोगों से मिलने-जुलने में व्यस्त हो गए। जमींदार ने आग्रह किया, 'मैं स्वयं आपको खाना रखूंगा। मेरे सामने आप भोजन करिए।'

नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। थोड़ी देर बाद वहां एक सामान्य सा लोहार आया। उसने फटे कपड़े पहने थे, वह बहुत ही गरीब था। उसने गुरुनानक को परिचय दिया, 'मैं लोहारी का काम करता हूं। बड़ी मुश्किल से दो वक्त की रोटी कमा पाता हूं। जमींदार ने उसकी हालत देखी और मुस्कान के साथ कहा, 'रोटी तो आ चुकी है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ।'

नानक जी बोले, 'रुको, खाने का यूं अपमान नहीं करते हैं।'

जमींदार फिर बोला, 'मेरे पास रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, एक विशिष्ट मिठाई भी है।'

नानक जी बोले, 'उसे भी चख लेंगे।' ये बोलकर गुरुनानक ने लोहार की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली, क्योंकि वे जानते थे कि जमींदार आपत्ति लेगा और जमींदार ने आपत्ति लेते हुए कहा, 'आपने ये क्या किया? मेरा भोजन छोड़कर इसकी रोटी खा ली।'

नानक हर काम बहुत सोच-समझकर किया करते थे। उन्होंने लोहार की रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरी और जब जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरी। ये देखकर सभी लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ। सभी जानते थे कि नानक ऐसे कमाल कर देते हैं। नानक बोले, 'इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में भी कहीं न कहीं बेईमानी है।'

सीख - नानक हमें समझा रहे हैं कि अन्न हमेशा ईमानदारी से ही कमाना चाहिए। बेईमानी का अन्न खाने से मन अशांत रहता है, विचारों में पवित्रता नहीं रहती है।

# इंजमाम-उल-हक को आया हार्ट अटैक

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान की देर शाम एंजियोप्लास्टी की गई



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम-उल-हक की सोमवार शाम को सफल एंजियोप्लास्टी की गई। उनके एजेंट के मुताबिक इंजमाम की हालत स्थिर है, लेकिन वो डॉक्टरों की निगरानी में हैं। हालांकि, उनके परिवार की तरफ से इस पर कोई बयान नहीं आया है। क्रिकेट की वेबसाइट क्रिक इंफो के मुताबिक सोमवार को इंजमाम-उल-हक को अस्पताल में एडमिट कराया गया था।


पाकिस्तान का ये दिग्गज खिलाड़ी पिछले तीन दिनों से सीने में दर्द से परेशान था। सोमवार को हुए टेस्ट में पता चला कि उन्हें हार्ट-अटैक आया है। जिसके बाद उन्हें सर्जरी के लिए ले जाया गया।

इंजमाम ने पाकिस्तान के लिए 375 वनडे, 119 टेस्ट मैच खेले हैं। 2007 में इंजमाम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने क्रिकेट खेलना छोड़ दिया था।

जियो न्यूज के पत्रकार आरफा फिरोज जैक के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के अनुसार, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक को मामूली दिल का दौरा पड़ने के बाद लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सफल एंजियोप्लास्टी की गई है। वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। हर्षा भोगले भी ने जल्दी ठीक होने के लिए दुआ की है

क्रिकेट कमेंटेटर हर्षा भोगले ने इंजमाम के जल्दी ठीक होने की कामना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा इंजमाम-उल-हक को जल्दी ठीक होने की शुभकामनाएं दी। वह बहुत जल्द पूरी तरह से ठीक हो जाएं और कई सालों तक हमारे खेल का हिस्सा बने रहें।

# धोनी को टी-२० टीम के लिए मेंटर बनाना बीसीसीआई का सही फैसलाः माइकल वॉन



ग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने कहा है कि टी20 वर्ल्ड कप के लिए एमएस धोनी को मेंटर नियुक्त करने का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ँण्ण्घ) का फैसला सही है। टी20 वर्ल्ड कप अगले महीने 17 अक्टूबर से ऊँ और ओमान में शुरू होने वाला है। वर्ल्ड कप ँण्ण्घ की मेजबानी में ही हो रहा है। भारत को वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ खेलना है।

बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए एमएस धोनी को मेंटर नियुक्त किया है, जिसको लेकर ँण्ण्घ पर सवाल उठाए जा रहे थे। अब इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने क्रिक बज से बात करते हुए इस फैसले को सही करार दिया है। उन्होंने कहा कि धोनी के ड्रेसिंग रूम में रहने से भारतीय टीम को इसका फायदा मिलेगा। टीम में ऐसे व्यक्ति का होना टीम के लिए फायदेमंद है, जो डग आउट में बैठकर आपके लिए योजना तैयार कर सके और ट्रेनिंग के दौरान आस-पास रहकर खिलाड़ियों को सही सलाह दे सके। धोनी में ये सभी गुण हैं। उनके पास टी20 वर्ल्ड कप जीतने का अनुभव है।

वॉन ने घ्ङ्म्में उनकी कप्तानी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि विराट की कप्तानी वार्लीँ के खिलाफ मैच में धोनी की कप्तानी काफी शानदार रही। प्लेइंग इलेवन में लेफ्ट और दाहिने हाथ के बल्लेबाज का शानदार कॉम्बिनेशन है। उन्होंने फील्ड में भी इस कॉम्बिनेशन को बनाए रखा। जब उन्हें लगा कि कोहली ग्लेन मैक्सवेल को 2-3 ओवर दे सकते हैं, तो उन्होंने दाहिने हाथ के बल्लेबाज को भेजा।

टी-20 वर्ल्डकप 17 अक्टूबर से ऊँ और ओमान में शुरू होगा, जबकि फाइनल 14 नवंबर को खेला जाएगा। इसका आयोजन भारत में किया जाना था, पर कोरोना की वजह से इसका स्थान बदलना पड़ा। अब इसे ऊँ और ओमान में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेजबानी में ही कराया जा रहा है। अफगानिस्तान, भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ उन आठ टीमों में शामिल हैं, जो मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे। अफगानिस्तान को ग्रुप 2 में भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ खेलना है।

# खेसारी लाल यादव की सुपरहिट फ़िल्म बाप जी का लेटेस्ट सांग 'आजा राजा किस कर' हुआ वायरल




सुपर स्टार हिट मशीन खेसारी लाल यादव के गाने फैंस को हमेशा ही क्रेजी करते आए हैं। और अगर गाना उनकी फिल्म का हो तो फिर लोगों के सर चढ़कर बोलता है।

वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर खेसारी लाल यादव की हालिया रिलीज भोजपुरी फिल्म 'बापजी' का सांग 'आजा राजा किस कर' जारी किया गया है, जो कुछ ही घन्टे में लाखों लोगों द्वारा देखा जा रहा है। यह तेजी से मिलियन क्लब में शामिल होने जा रहा है। गाने में खेसारी लाल और ऋतु सिंह के डांस मूव्स जबरदस्त हैं।

आपको बता दें कि इसी सप्ताह फ़िल्म बाप जी बिहार और गुजरात के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है जिसे बम्पर ओपनिंग मिली है। बिहार में फ़िल्म को डिस्ट्रीब्यूटर प्रवीण कुमार ने रिलीज किया है। फिल्म बापूजी का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

आजा राजा किस कर भोजपुरी गाने को खेसारी लाल यादव और प्रियंका सिंह ने मिलकर आवाज दी है। यादव राज के लिखे गीत को ओम झा ने संगीत से सजाया है। वहीं गाने के वीडियो में खेसारी लाल यादव के साथ भोजपुरी फिल्मों की एक्ट्रेस ऋतु सिंह नजर आ रही हैं। गाने को वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी पर रिलीज किया गया है।

उल्लेखनीय है कि गोविंदा एंड सागर फिल्म्स इंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म 'बाप जी' के निर्माता रामजी जयसवाल (गोविंदा) हैं। फिल्म के निर्देशक देव पाण्डेय हैं। फिल्म के सहनिर्माता श्यामजीत बरई हैं। लेखक अरबिन्द तिवारी हैं। संगीतकार ओम झा, गीतकार प्यारेलाल यादव, आजाद सिंह, यादव राज और कुंदन प्रीत हैं। फिल्म के डीओपी आर आर प्रिंस, एडिटर गुरजंट सिंह, एक्शन मास्टर एस मलेश, डांस मास्टर रिक्की गुप्ता, कला निर्देशक सतीश गिरी हैं। कार्यकारी निर्माता संतोष वर्मा और मार्केटिंग हेड विजय यादव हैं।

फिल्म के मुख्य कलाकार खेसारी लाल यादव, ऋतू सिंह, काजल राघवानी, मनोज टाइगर, प्रकाश जैस, राजबीर, रीतू पाण्डेय, सी पी भट्ट, सम्भावना सेठ, बृजेश त्रिपाठी, संजय वर्मा आदि हैं।

# भक्तों को झूमने पर मजबूर कर रहा है गोलू गोल्ड और नीलम गिरी का देवी गीत 'चुनरिया सासाराम के'




नवरात्रि करीब आते ही देवी के भक्ति गीत डिमांड में आ जाते हैं। सिर्फ भक्त ही नहीं हर कोई देवी के भजन गाने व सुनने लगता है। ऐसे में देवी के भक्तों का उत्साह बढ़ाने के लिए भोजपुरी इंडस्ट्री से नए नए देवी गीत रिलीज होते रहते हैं। इसी कड़ी में श्रद्धालुओं में भक्ति की अलख जगाने के लिए भोजपुरी के विख्यात लोक गायक गोलू गोल्ड अपना नया देवी गीत लेकर आ गए हैं। इसके बोल हैं 'चुनरिया सासाराम', जिसे वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी पर रिलीज किया है। जो रिलीज के साथ ही हर भोजपुरिया दर्शक की जुबान पर चढ़ गया है।



'चुनरिया सासाराम' देवी गीत को गोलू गोल्ड और भोजपुरी इंडस्ट्री की ट्रेंडिंग गर्ल और करोड़ों दिलों की धड़कन नीलम गिरी पर फिल्माया गया है। दोनों की सोशल मीडिया पर अपनी अपनी फैन फॉलोइंग है। जो गानों को कुछ ही समय में मिलियन क्लब में शामिल करा देते हैं। नीलम गिरी सोशल मीडिया में काफी ज्यादा एक्टिव रहती है। उन्होंने कम समय में ही इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। सिंगर गोलू गोल्ड ने बताया कि देवी में उनकी गहरी श्रद्धा है. यही कारण है कि हम हर साल माता के श्रीचरणों में कुछ गीत अर्पित करते हैं। आगे भी हम माता के गाने लाते रहेंगे। साथ ही हम माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि वो सभी का कल?याण करे।

नीलम गिरी ने कहा कि माता रानी के गानों में परफॉर्म करके मुझे बहुत खुशी महसूस होती है। क्योंकि माता रानी में मेरी गहरी आस्था है। नवरात्रि शुरू होने को ही ये देवी गीत भक्तों में नया उत्साह भर देने वाला है।

वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के एमडी रत्नाकर कुमार ने कहा कि 'चुनरिया सासाराम के' में गोलू गोल्ड और नीलम गिरी बहुत ही शानदार लग रहे हैं। दोनों का ये देवी गीत इंडस्ट्री में धमाल मचा रहा है।

वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी प्रस्तुत 'चुनरिया सासाराम के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत के लेखक अरविंद निषाद, तो वही संगीत दिया है एडीआर आनंद ने,गीत का निर्देशन सुमित भारद्वाज, कोरियोग्राफर गोल्डी जैसवाल व बॉबी जैक्सन, प्रोडक्शन हेड पंकज सोनी और एडिटिंग की जिम्मेदारी मीत जी ने संभाली है।

# संक्षिप्त समाचार

## न्याय की आश में भटक रहे भाई-बहन, 4 दिन तक बंधक बनाकर किया था रेप



**कुशीनगरः** कुशीनगर में पटहेरवा थाना क्षेत्र की निवासी एक नाबालिग के साथ 14 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक दो युवकों ने बंदी बनाकर रेप किया। उसके बाद नाबालिग को छोड़ दिया। नशे की हालत में चार दिन तक आरोपी नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाते रहे। छूटने के बाद नाबालिग ने पूरी बात अपने भाई को बताई थी, जिसके बाद से उसका भाई न्याय की गुहार लगाते हुए उधर से इधर भटक रहा है, लेकिन अभी तक उसको न्याय नहीं मिला।

पीड़ित भाई का कहना है कि 1 महीने से ज्यादा हो गया है, लेकिन अभी तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। आरोपी अभी भी बाहर घूम रहे हैं और मेरी बहन न्याय पाने के लिए अफसरों के दफ्तर के चक्कर काट रही है। पटहेरवा थाने में तो मुझे ही पुलिस कर्मियों ने थाने में बैठा लिया। उन लोगों ने मेरी पिटाई करने के बाद चार हजार रुपए और मोबाइल भी छीन लिए। एसपी के कहने के बाद मुझे छोड़ा गया। पुलिस हम लोगों पर सुलह का दबाव बना रही है, लेकिन मेरी बहन की इज्जत के साथ क्या ही सुलह हो सकता है?

एसपी ने हमारी एफआईआर तो दर्ज की, लेकिन मेडिकल समय से नहीं कराया। पीड़िता ने बताया कि वह कक्षा 8 की छात्रा है और उसकी उम्र 13 साल है, लेकिन पटहेरवा के दरोगा ने जबरदस्ती मेरी उम्र 26 साल लिख दी है। पुलिस आरोपियों के साथ है इसीलिए वो लोग उसके पूरे परिवार को मारने की धमकी दे रहें हैं।

## पंखे से लटका मिला युवक का शव, रात में नशे की हालत में घर आया था



**देवरियाः** देवरिया में मंगलवार सुबह युवक का शव पंखे से लटकता मिला। बताया जा रहा है कि वह सोमवार देर रात नशे की हालत में घर आया था। सुबह पत्नी ने फांसी पर लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला मईल थानाक्षेत्र के धर्मेर गांव का है। यहां रहने वाला मनीष पाल (27) पुत्र ओम प्रकाश पाल शराब के नशे का आदि था। सोमवार रात वह नशे की हालत में घर आया। इसके बाद घर की दूसरी मंजिल पर सोने के लिए चला गया था। मंगलवार सुबह में उसकी पत्नी जया जब उसके रूम में गई तो पंखे से मनीष का शव लटक रहा था। वह चीखती-चिल्लाती हुई बाहर गई और परिजनों को सूचना दी। चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों की भी भीड़ जुट गई। एसआई राघवेंद्र सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस ने पीड़ित से जबरन 5000 का डीजल भरवाया

**गयाः** अभियुक्त को पकड़ने के लिए पुलिस को रुपए चाहिए, ऐसा ही एक शर्मनाक कारनामा फतेहपुर थाना का सामने आया है। फतेहपुर पुलिस पर आरोपित को पकड़ने के एवज में वादी से करीब पांच हजार रुपए के तेल पुलिस वाहन में भरवाने का आरोप है। इनकार पर जबरदस्ती भी की गई। इसके कारण वादी को पे फोन से पेट्रोल पम्प पर पुलिस वाहन में तेल भराने का भुगतान करना पड़ा। इस मामले को लेकर पीड़ित ने एसएसपी के नाम से आवेदन लिखा है और थानाध्यक्ष व केस के आईओ पर कार्रवाई की मांग की गई है। सीसीटीवी फुटेज भी पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

फतेहपुर थाना के पकड़ी गांव की एक महिला की हत्या 25 अक्तूबर 2020 को कर दी गई थी। उक्त हत्या के आरोपी मिथिलेश सिंह को बनाया गया था। मिथिलेश की गिरफ्तारी बीते एक वर्ष से नहीं हो सकी थी। इधर मृतका का पुत्र विपुल सिंह पुलिस से लगातार संपर्क कर आरोपी को अरेस्ट करने की मांग कर रहा था, किन्तु फतेहपुर पुलिस मामले में टाल-मटोल कर रही थी।

मृतका के पुत्र विपुल सिंह का कहना है कि बीते 21 सितंबर को फतेहपुर थानाध्यक्ष मनोज राम व केस के आईओ खालिद हुसैन ने फोन किया और संबंधित केस के मुदालय के गिरफ्तारी की कार्रवाई की बात कही गई। इस पर फतेहपुर पुलिस के साथ रात के अंधेरे में बोधगया थाना के ग्राम मौनिया में जाकर छापेमारी कराई और आरोपी मिथिलेश सिंह पकड़ा भी गया।

# पुलिस ने हैवानियत की सारी हदें पार की, युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**गोरखपुरः** गोरखपुर में मंगलवार को पुलिस की बर्बरता का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां कानपुर से घूमने आए मनीष गुप्ता (35) की रामगढ़ ताल पुलिस ने पीट-पीटकर मार डाला। उसका कसूर सिर्फ इतना बताया जा रहा है कि आधी रात को होटल में चेकिंग करने पहुंची पुलिस से उसने पूछा कि यह चेकिंग का क्या तरीका है? क्या हम लोग आतंकवादी हैं? आरोप है कि इंस्पेक्टर रामगढ़ताल जेएन सिंह और फल मंडी चौकी इंचार्ज अक्षय मिश्र भड़क गए कि होटल के रूम में बंद कर मनीष को जमकर पीटा। मौके पर ही मनीष की दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं, घटना के बाद पुलिस अधिकारी इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। डीआईजी जे रविंद्र गौड़ ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की



जाएगी। दरअसल, सिकरीगंज के महादेवा बाजार के रहने वाले चंदन सैनी ने बताया कि वह बिजनेस करते हैं। उनके तीन दोस्त गुरुग्राम से प्रदीप चौहान (32) और हरदीप सिंह चौहान (35), और कानपुर से मनीष गुप्ता (35) गोरखपुर घूमने आए थे। चंदन के मुताबिक, सभी दोस्त रियल एस्टेट और अन्य बिजनेस करते हैं। चंदन हमेशा अपने दोस्तों को गोरखपुर में हो रहे विकास के बारे में बताता रहता था। दोस्तों की काफी दिनों से प्लानिंग थी कि एक बार गोरखपुर घूमने जरूर आएंगे। लॉकडाउन की वजह से पहले आ नहीं सके। इस बीच तीनों की गोरखपुर घूमने की प्लानिंग बन गई। सोमवार को तीनों अपने दोस्त चंदन सैनी से मिलने और घूमने गोरखपुर पहुंचे।

चंदन ने दोस्तों को रामगढ़ ताल इलाके के एलआईसी बिल्डिंग के पास स्थित होटल कृष्णा पैलेस के रूम नंबर 512 में ठहराया था। आरोप है कि सोमवार की रात करीब 12 बजकर 30 मिनट पर रामगढ़ ताल पुलिस होटल में चेकिंग करने पहुंची। इंस्पेक्टर जेएन सिंह, फल मंडी चौकी इंचार्ज अक्षय मिश्रा के अलावा थाने की अन्य फोर्स साथ में थी। होटल के कमरे का दरवाजा नॉक कर खुलवाया। पुलिस के साथ होटल का रिसेप्शनिस्ट भी था। पुलिस वालों ने बोला कि चेकिंग हो रही है। सभी अपनी आईडी प्रूफ दिखाओ।

# अनजाने बुखार से गांव में मचा हाहाकार, एक ही घर में 8 लोगों की बुखार से हालत गंभीर

**मेरठः** मेरठ जिला मुख्यालय से 32 किमी की दूरी पर सरूरपुर ब्लॉक के गांव कालंदी में आज घर घर में बुखार है। पूरे गांव में शायद ही ऐसा कोई घर बचा होगा, जिसमें बुखार का मरीज न मिले। गांव के 40 मरीज अलग अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। सीएमओ के निर्देश पर इस गांव में पिछले एक सप्ताह में 2 बार मेडिकल कैंप लगाया जा चुका है। बच्चों से लेकर बुर्जुग और महिलाएं भी बुखार की चपेट में हैं। कालंदी गांव की वोटिंग 4600 है, जबकी पूरे गांव की आबादी 6200 है। गांव प्रधान कविता सोम कहती हैं की हम और ग्रामीण लगातार प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर मांग कर रहे हैं, की यहां गांव में हर रोज मेडिकल कैंप लगाया जाए। महिलाएं व बच्चे भी बुखार की चपेट में हैं। जिस घर में भी जाना होता है, वहां पता चलता है की कोई न कोई बुखार की चपेट में है। 27 सितंबर को गांव के पंचायत घर मे सीएमओ के निर्देश पर मेडिकल कैंप लगाया गया। जहां 115 लोगों ने बुखार का टेस्ट कराया। कालंदी निवासी छोटे सिंह ने बताया की गांव में हर घर में बुखार के मरीज हैं। 290 लोग बुखार से जूझ



रहे हैं। 40 मरीज अलग अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें मरीजों में डेंगू के अलावा साधारण बुखार भी है। छोटे सिंह ने बताया की गांव से 50 लाख रुपये डॉक्टरों पर जा चुका है।

गांव निवासी राजीव ने बताया की घर में मम्मी, पापा व एक भाई भी बुखार की चपेट में आये। डॉक्टरों पर पांच दिन में 70 हजार रुपये गये। गांव के बाहर मिले नेपाल सिंह ने बताया की बस भगवान ही जाने, मुझे पांच दिन पहले तेज बुखार आया। डॉक्टर से दवा ली। सरूरपुर में डॉक्टर के पास गया तो एक घंटे में ही 700 रुपये लग गये। गांव निवासी सतपाल सिंह (62) को 15 दिन पहले बुखार आया। जहां सरधना में इलाज चला। चार दिन पहले बुखार से सतपाल सिंह मौत हो गई।

# ड्यूटी पर भिड़े सिपाही, कहासुनी के बाद बरसाए लात-घूसे, तान दी राइफल

**हमीरपुरः** हमीरपुर में सोमवार शाम को ड्यूटी पर तैनात सिपाही भिड़ गए। राज्य स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य की स्कार्ट ड्यूटी के दौरान दो पुलिस कर्मियों में उठापटक शुरू हो गई। एक सिपाही ने दुसरे सिपाही पर इंसास राइफल तान दी। गनीमत यह रही की राइफल की मैगजीन नहीं थी, वरना कुछ अनहोनी हो सकती थी। दरअसल, सोमवार को निगरानी समिति के सदस्य भरोसीलाल हमीरपुर आये हुए थे, जिनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के कुछ जवानों की स्कार्ट ड्यूटी लगाई गई थी। जब निगरानी समिति के सदस्य इंॅ गेस्ट हाउस में थे तभी किसी बात को लेकर कांस्टेबल ड्राइवर शेष लाल व कांस्टेबल देवेंद्र के बीच कहासुनी हुई, जिसने मारपीट का रूप ले लिया और उठापटक के साथ ही राइफल तन्ने की नौबत आ गई। इस बात



की जानकारी जब निगरानी समिति के सदस्य भरोसीलाल को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित से की, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सिपाही देवेंद्र सिंह को तत्काल स्कार्ट ड्यूटी से हटा दिया और दूसरे सिपाही की तैनाती कर दी। साथ ही सीओ सदर को सिपाही के खिलाफ जांच के आदेश भी दे दिए।

# दो व्यापारियों ने दुकान के अंदर किया गैंगरेप, बेहोश कर व्यापारियों ने किया रेप, वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी

**बाराना-भरतपुरः** भरतपुर के बयाना थाने में एक महिला ने दो व्यापारियों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। महिला का कहना है की दोनों लोगों ने पहले उसे बेहोश कर उससे दुकान के अंदर रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो क्लिप बना ली। वीडियो क्लिप के आधार पर वह महिला को ब्लैकमेल करते रहे और उसके साथ कई बार गैंगरेप किया।

महिला ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया की वह भरतपुर शहर की रहने वाली है और उसकी तीन बेटियां हैं जिनके पालन के लिए वह गली, मोहल्लों में चश्मा, पर्स, पैन बेल्ट बेचती है। करीब डेढ़ महीने पहले सामान ख़त्म हो गया। सामान खरीदने के लिए महिला बयाना सूपा बाजार में पहुंची। पम्मी नाम के दुकानदार से उसने सामान ख़रीदा। सामान खरीद कर जैसे ही महिला चलने लगी तभी पम्मी ने पड़ोसी दुकानदार संजय से कहा की वह महिला को कोल्ड ड्रिंक पिलाए। संजय महिला के लिए कोल्ड ड्रिंक लेकर आया।



कोल्ड ड्रिंक पीने के 5 मिनट बाद ही महिला को चक्कर आने लगे। दोनों व्यापारी महिला को दुकान के अंदर ले गए और दुकान के अंदर के केबिन का शीशा लगाकर दोनों ने महिला से दुष्कर्म किया। साथ ही महिला की वीडियो क्लिप बना ली। जब महिला को होश आया तो उसने दोनों व्यापारियों का विरोध किया। दोनों लोगों ने महिला को धमकी दी की अगर वह किसी को भी इस बारे में बताएगी तो वह उसका वीडियो वायरल कर देंगे साथ ही उसके परिवार के लोगों को जान से मार देंगे। दोनों की धमकियों से महिला डर कर अपने घर आ गई। घटना के 8 दिन बाद पम्मी ने दोबारा महिला को फोन कर वीडियो वायरल करने की धमकी दी और उसे बयाना बुलाया। पम्मी महिला को रुदावल ले गया जहां से महिला को संजय के साथ भेज दिया। संजय महिला को बांध बरैठा के एक होटल में ले गया और संजय ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। संजय ने दुष्कर्म करने के बाद होटल में पम्मी को बुलाया। होटल में पम्मी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया।

25 सितंबर को पम्मी ने महिला को फोन कर दोबारा बयाना बुलाया। महिला ने जब बयाना आने के लिए मना किया तो पम्मी ने उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दी जिसके डर से महिला बयाना पहुंच गई। बस स्टैंड पर पम्मी गाड़ी लेकर खड़ा हुआ था। पम्मी महिला को एक गाड़ी में बैठा कर सुनसान जगह एक मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर उसे बयाना के बस स्टैंड छोड़ दिया। महिला पम्मी से नजर बचाकर भरतपुर की बस में चढ़ने की बजाय बयाना थाने पहुंची। जहां उसने पुलिसकर्मियों को अपने साथ दुष्कर्म की घटना के बारे में बताया लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे लिखित में रिपोर्ट लाने को कहा। महिला थाने से चली गई और कुछ देर बाद वह थाने पर लिखित में रिपोर्ट लेकर पहुंची।

# कार ने 7 लोगों को कुचला, मॉर्निंग वॉक के दौरान हुआ हादसा; 2 की मौत, 5 गंभीर

**पटनाः** पटना में मंगलवार को एक कार ने मॉर्निंग वॉक पर निकले 7 लोगों को कुचल दिया। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 लोगों की हालत गंभीर है। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना से गुस्साए लोगों ने दो कार सवारों की पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों को मंदिर में बंद कर दिया।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार सवारों को छुड़ाने का प्रयास किया तो लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इसमें दो सिपाही घायल हुए हैं। लोगों ने पुलिस वाहन पर भी पथराव किया और हादसे वाले कार में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान हाईवे पर जाम लग गया। इसके बाद पुलिस के वरीय पदाधिकारियों ने लोगों को



समझा-बुझाकर शांत करवाया। कार सवार दोनों लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। लोगों का कहना है- मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार (BH 01 DB 6001) ने मॉर्निंग वॉक पर निकले 7 लोगों को कुचल दिया। कार सवारों ने भागने की कोशिश की तो कार सड़क के किनारे एक गड्?ढे में फंस गई। कार में 4 लोग सवार थे। इसमें से दो फरार हो गए।

मृतकों की पहचान रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के लालू पथ निवासी घनश्याम त्रिवेदी (65) और अशोक कुमार (50) के रूप में हुई है। घायलों में रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित सोरंगपुर निवासी धीरज कुमार, छोटू कुमार, चांगर निवासी कृष्णा राय और दो अन्य शामिल हैं।

रामकृष्णा नगर थानेदार सिकंदर खान ने बताया कि तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 2 लोगों की मौत हुई है, जबकि 5 लोगों का इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से कार सवार दो लोगों को पकड़ लिया गया है। आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव किया है। अशांति फैलाने वालों की तलाश की जा रही है। ण्ण्ऊ फुटेज को भी खंगाले जा रहे हैं।

# बच्चे से दुष्कर्म करने वाले को 7 साल की सजा, बालक ने खुद दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**मुरादाबादः** मुरादाबाद में बच्चे से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने दोषी को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मुजरिम मनोज मिश्रा कचहरी में मुंशी था। वह अपने भाई की तलाश कर रहे बालक को बहाने से अपने घर ले गया था। जहां दरवाजा बंद करके उसने बच्चे के साथ दुष्कर्म किया था। बच्चे ने खुद घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी।



### बच्चे की चीख सुनकर पहुंची थी पुलिस

घटना 27 अक्तूबर 2014 को शाम करीब साढ़े सात बजे की है। सूरज नगर पीतल बस्ती के एक घर से किसी बच्चे की चीख पुकार सुनकर पुलिस का गश्ती दल वहां पहुंचा था। एक बच्चा किसी व्यक्ति से बचकर भागने की कोशिश कर रहा था। वह निर्वस्त्र हालत में था। बच्चे ने पुलिस को बताया कि उसका पीछा कर रहे आदमी का नाम मनोज मिश्रा है। उसने घर में बंद करके उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस दुष्कर्मी मनोज मिश्रा को रंगे हाथ पकड़कर थाने लाई थी। पुलिस ने जब पकड़ा तो आरोपी शरीर पर सिर्फ अंडरवियर था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ घ्इण की धारा 377 और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़ित ने कहा था कि वह अपने बड़े भाई के साथ किसी काम से मुरादाबाद आया था। उसका भाई थोड़ी देर में लौटकर आने की बात कहकर उसे चाय की दुकान पर बैठाकर चला गया था। भाई काफी देर तक नहीं आया तो वह उसकी तलाश में रेलवे स्टेशन पर चला गया। वहां कचहरीका मुंशी मनोज मिश्रा मिला। उसने कहा कि तुम्हारा भाई मेरे घर पर और यह कहकर पीड़ित को सूरजनगर पीतल बस्ती स्थित अपने घर ले गया।

# पंचायतों में हुआ बड़ा घपला, वाटर कूलर और शौचालयों के नाम पर अफसरों ने डकारी बड़ी रकम

**मुरादाबादः** पी के पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी के गृह जनपद मुरादाबाद में पंचायतों में बड़ा घपला उजागर हुआ है। कोरोना के समय जब ग्राम पंचायतों के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारी प्रशासनिक अमले के साथ थे, तब पंचायतों में बडे पैमाने पर घपला हुआ। सेंट्रल पर्चेज के नाम पर कोरोना की दूसरी लहर में ग्राम पंचायतों की निधि को जमकर लूटा गया।

पंचायती राज विभाग के विशेष सचिव शाहिद मंजर अब्बास रिजवी के नेतृत्व में शासन की टीम घपलों की जांच करने मुरादाबाद पहुंची है। पांच सदस्यीय टीम ने भौतिक सत्यापन के लिए 20 ग्राम पंचायतों की लिस्ट तैयार की है। शासन के आदेश पर 8 ज्वाइंट टीमें इन गांवों में दर्शाए गए विकास कार्यों की विस्तृत जांच करेंगी। मई में कोरोना की दूसरी लहर जब पीक पर थी, तो इस घपले को अंजाम दिया गया। वाटर कूलर, सोलर लाइट, स्कूलों में बच्चों के लिए डेस्क-बेंच और सामुदायिक शौचालय के नाम पर ग्राम पंचायत निधियों से सेंट्रल पर्चेजिंग की गई। यह खरीदारी मनमाने दामों पर हुई। सूत्रों का कहना है कि कई जगह तो बिना काम किए ही रकम निकाल ली गई। अब शासन स्तर से इसकी जांच बैठने के बाद मामले में हड़कंप मचा है। ग्राम पंचायतों की रकम के दुरुपयोग के मामले में आंच बड़े अफसरों तक भी पहुंच रही है। सूत्रों का कहना है कि कुछ बड़े अफसरों ने अपने कृपा पात्र पंचायत विभाग के अफसरों को खुला संरक्षण दे रखा था। जिसकी वजह से लगातार होते इन घपलों से बाकी अफसरों ने भी आंखें फेरे रखीं। विशेष सचिव पंचायती राज शाहिद मंजर अब्बास ने मंगलवार को अफसरों की एक बैठक बुलाई है।

# बिहार कांग्रेस के लिए ट्रंप कार्ड होंगे कन्हैया कुमार, भेजे जा सकते हैं राज्यसभा

**पटनाः** जवाहर लाल नेहरू छात्रसंघ (JNUSU) के पूर्व अध्यक्ष और वाम नेता कन्हैया कुमार कांग्रेस के साथ अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरुआत करेंगे। मंगलवार को वे विधिवत दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा. मदन मोहन झा भी इस मौके के गवाह बनेंगे। छात्र नेता रहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीखी आलोचना करने वाले कन्हैया की कांग्रेस में एंट्री को लेकर जानकार मानते हैं कि इस बहाने कांग्रेस को बिहार में एक कद्दावर और नरेंद्र मोदी पर हमला करने वाला नेता मिल जाएगा। चर्चा है कि कांग्रेस कन्हैया को राज्यसभा भेजेगी, लेकिन एक चर्चा यह भी है कि कन्हैया बिहार में कांग्रेस के लिए तुरुप का पत्ता बनेंगे।

असल में कांग्रेस की बड़ी चिंता बिहार में



भाजपा का बढ़ता कद है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत मजबूत की है जबकि कांग्रेस इस दौर में पिछड़ती गई है। 2015 में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में 27 सीटें थी जो 2020 में घटकर 19 रह गई। वहीं भाजपा की सीटें 55 से बढ़कर 74 पर पहुंच गई हैं। कांग्रेस को बिहार में पार्टी को बुरे दौर से निकालने के लिए किसी बड़े चेहरे की तलाश थी जो कन्हैया के एक हद तक पूरी होने जा रही है। कन्हैया जिस जाति से आते हैं बिहार में उसका बड़ा वोट बैंक है। इस लिहाज से भी कांग्रेस के लिए यह मुफीद सौदा है।

विश्लेषक भी मानते हैं कि डा. जगन्नाथ मिश्रा के बाद बिहार कांग्रेस को उस कद का कोई नेतृत्व करने वाले नेता नहीं मिला। जिसका खामियाजा पार्टी का उठाना पड़ा। सत्येंद्र नारायण सिन्हा के बाद कांग्रेस की राजनीति राजद जैसे दल पर आश्रित होकर रह गई। लालू प्रसाद के रहमोकरम पर कांग्रेस को विधानसभा चुनाव के लिए सीटें मिली। नतीजा कांग्रेस अपनी जमीन से कटती चली गई। कन्हैया की बदौलत सहयोगी दलों से कांग्रेस को सीटों के बारगेन में सहूलियत हो जाएगी। एक चर्चा यह भी थी कि कांग्रेस के कुछ स्थानीय स्तर के नेता आलाकमान के इस फैसले से खुश नहीं। पार्टी विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा कहते हैं जो लोग ऐसा सोचते हैं उन्होंने आज तक पार्टी की विचारधारा को ठीक से समझा नहीं। कांग्रेस सबको साथ लेकर चलती है। कन्हैया के कांग्रेस के साथ आने से निश्चित रूप से पार्टी की बिहार में ताकत बढ़ेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**प.स.संवाददाता**

**मुंबई।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय,भारतीय चिकित्सा पद्धती राष्ट्रीय आयोग व महाराष्ट्र आरोग्य विज्ञान विद्यापीठ नाशिक के निर्देशानुसार स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष पर मार्च 2021 से अगस्त 2022 तक 'आजादी का अमृत महोत्सव' किया जा रहा है। यह महोत्सव श्री नरसिंह के दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में मनाया जा रहा है त इसमें जनजागरण कार्यक्रम और मुफ्त वैद्यकीय शिविर का समावेश है। इस अवसर पर आगामी शनिवार दिनांक 2 अक्तूबर 2021 को सुबह 10.00 बजे से दोपहार 3.00 तक ' रक्तदान शिबिर' का आयोजन किया गया है। साथ ही सुबह 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक गुदगत व्याधियों पर मुफ्त निदान एवं चिकित्सा शिबिर का भी आयोजन किया गया है। इस शिविर में बवासीर,भगंदर,परिकर्तिका मल के साथ रक्तस्त्राव, गुदभाग के पास मस्सा,मलावष्टंभ मल के स्थान पर खुजली , दर्द के लक्षणों के विशेषज्ञ सर्जनो द्वारा जांच की जायेगी। साथ में औषधी चिकित्सा ,आहार मार्गदर्शन किया जायेगात क्षारसूत्र एवं लेजर शस्त्रक्रिया भी की जाएगी। लेजर शस्त्रक्रिया जलद, प्रभावी, दर्दरहित है, इस में रक्तस्त्राव नहीं होता।लेजर शस्त्रक्रिया रियायती शुल्क मे की जायेगी। संपर्कः902208004 /8329782383

## डोंबिवली में चल रही थी सट्टेबाजी, तीन सटोरी गिरफ्तार

**कल्याण।** कल्याण डोंबिवली स्थित एक हाई प्रोफाइल सोसाइटी में क्रिकेट के तीन सटोरियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6 सिमकार्ड सहित मोबाइल और बिना सिमकार्ड के 17 मोबाइल के साथ 7 लाख 65 हजार रूपए पुलिस ने बरामद किया है।

अबुधाबी में चल रहे इंडियन प्रिमियम लीग मैच में सनराइज हैदराबाद और राजस्थान रॉयल खेल में कौन जीतेगा कौन हारेगा, कौन से बॉल पर कौन आउट होगा,कुल कितना रन बनेगा,कौन खिलाड़ी कितना रन बनाएगा, कितना छक्का लगाएगा आदि ऐसे ही कई मुद्दों पर क्रिकेट के सटोरी सट्टा लगा कर लाखो करोड़ो का वारा न्यारा कर देते है। इस सट्टे में कितने लोग आबाद हो जाते है तो कितने लोग बर्बाद भी हो जाते है। यह गैरकानूनी काम को चोरी छुपे लगभग हर शहर में खेला जाता है,लेकिन इनके ऊपर पुलिस की पैनी नजर रहती है। सनराइज हैदराबाद और राजस्थान रॉयल के बीच चल रहे खेल में तीन सटोरियों को सट्टा खेलते रंगे हाथ तीन सटोरी रितेश श्रीवास्तव, कुणाल दापोडकर और निखिल चौरसिया नामक तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है।

डोंबिवली के लोढ़ा, पलावा,कसारियो गोल्ड ए विंग के दूसरे मंजिल के रूम नंबर 201 में उक्त लोग सट्टे को अंजाम दे रहे थे। इस बात की खबर डीसीपी संचिन गुंजाल को लगी,जो कि पहले से ही इनपर पैनी नजर रखे हुए थे। टीम ने बताए पते पर जाल बिछा कर तीन सटोरियों को गिरफ्तार किये है। पुलिस ने इस बात का अंदेशा व्यक्त किया है कि इनलोगों के गिरफ्तार होने से पूरे नेटवर्क का पता हो सकेगा।

## हाजी हैदर आजम को शुभकामनाएं



**मुंबई।** पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हाजी हैदर आजम को भाजपा का महाराष्ट्र सचिव बनाए जाने पर पत्रकार अंकित मिश्रा एवं समाजसेवक अनीस खान ने उन्हें उनके निजी आवास पर जाकर शुभकामनाएं दीं।

# मुंबई में मूसलाधार बारिश से अनेक इलाकों में फिर हुआ जलभराव

## पूर्व मंत्री आशीष शेलार ने मुंबई मनपा पर लगाया नाला सफाई में घोटाले का आरोप





मुंबई। मंगलवार की सुबह से मुंबई में शुरू हुई मूसलाधार बारिश के कारण लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। यही नहीं पूर्वी उपनगर के अनेक इलाकों में भारी जलजमाव ने एक बार फिर मनपा के दावों की पोल खोल दी है।

कोरोना महामारी में मनपा महापौर किशोरी पेडणेकर, आयुक्त इक़बाल सिंह चहल, समेत स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमेन यशवंत जाधव ने वर्षा पूर्व नाले सफाई का दौरा कर सफाई को लेकर 110 प्रतिशत का दावा किया था। उस दावे की पोल मुंबई की मूसलाधार बारिश ने पूरी तरह से खोलकर रख दिया है। जिससे एक बार फिर मुंबई मनपा 50 प्रतिशत कर्मियों को साथ लेकर नाला की सफाई 110 प्रतिशत वाले बयान में पूरी तरह से घिर चुकी है।

राज्य के पूर्व भाजपा मंत्री आशीष शेलार ने मनपा का नाला सफाई मामले में घोटाला होने का दावा किया है। वहीं मुंबई महानगर पालिका में फिर एक बार सत्ताधारी शिवसेना पार्टी की नाले सफाई के 17 हजार करोड़ रुपए के फण्ड में भ्रस्टाचार ,घोटाले में किरकिरी होते दिखाई पड़ रही है।

उल्लेखनीय तौर पर कोरोना की दूसरी लहर के कारण पूर्वी उपनगर के बड़े नालों की सफाई न होने से चुनाभट्ठी, सायन, मानखुर्द मंडाला, देवनार कॉलोनी, कुर्ला पूर्व नेहरूनगर, ठक्कर बप्पा कॉलोनी, कुर्ला टर्मिनस के समीप साबले नगर, क्रांति नगर, रेलवे कॉलोनी, चेंबूर पोस्टल कॉलोनी, कलेक्टर कॉलोनी, साकीनाका खाड़ी क्रमांक तीन, चेंबूर नाका, चेंबूर पी एल लोखंडे मार्ग विद्याविहार, तिलक नगर, घाटकोपर (प) के असल्फा गांव मेट्रो स्टेशन के नीचे भारी जलजमाव के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

भाजपा घाटकोपर पूर्व विधानसभा के मंत्री सुशील गुप्ता के अनुसार हर वर्ष मुंबई मनपा मुंबई के बड़े नालों से लेकर छोटे नालों की सफाई का टेंडर निकालती चली आ रही है, जिसमें मुंबई मनपा ठेकेदारों के सहयोग से अप्रैल से लेकर जून तक विभिन्न इलाकों में नाला सफाई करवाती है।परंतु पिछले एक साल से कोरोना कोविड के कारण लेट टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के कारण वर्क आर्डर समय पर न मिल पाने के चलते नालों की सफाई 80 प्रतिशत भी नहीं हों पाई है। उल्लेखनीय तौर पर मुंबई मनपा के अधिकांश वार्डो में नालों की सफाई नहीं हुई। जिसके कारण मुंबई महानगर पालिका की नालों की सफाई करने के बड़े बड़े किये जा रहे थे। बारिश ने इन दावों की पोल खोलकर रख दिया है। वहीं दूसरी तरफ घाटकोपर (प) के असलफा गांव के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व शिवसेना शाखा प्रमूख संतोष शेट्टी ने जलजमाव वाले इलाकों का दौरा करते हुए बताया कि साकीनाका मोहिली विलेज, पाइप लाइन, संघर्ष नगर, खाड़ी क्रमांक तीन, अंधेरी घाटकोपर लिंक रोड पर असल्फा मेट्रो स्टेशन के नीचे भारी जलजमाव होने के कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा है।

संतोष शेट्टी ने बताया कि मनपा द्वारा बड़े नालों की साफ सफाई ठीक तरीके से न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर पानी का जमाव देखने को मिला है। शेट्टी ने मनपा आयुक्त से मांग की है कि पिछली बार बरसात के दौरान इसी असल्फा गांव की एक महिला नाले में बह गई थी, जिसका शव हाजी अली में मिला था। दोबारा ऐसी घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए बड़े नालों की सफाई जल्द से जल्द कराई जाये।

## महिला पुलिस कर्मी ऑस्ट्रेलिया भारतीय दूतावास में सुरक्षा अधिकारी पद पर तैनात



**प.स.संवाददाता**

**भिवंडी।** भिवंडी ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिला पुलिस कर्मचारी को विदेश मंत्रालय द्वारा सहायक सुरक्षा अधिकारी के लिए चयन किया गया है। पहली बार उसे ऑस्ट्रेलिया स्थित भारतीय दूतावास में सुरक्षा मिशन के लिए नियुक्त किया गया। भिवंडी तालुका के अलीम घर की माया पाटिल उर्फ आरती बेल गली ठाणे पुलिस आयुक्तालय में विशेष शाखा के अंतर्गत पुलिस नाइक के पद पर कार्यरत थी। जिन्हें विदेश मंत्रालय द्वारा सहायक सुरक्षा अधिकारी के लिए चुना गया है।

बता दें कि आरती बेलगली की समय योग्यता के आधार पर विदेश मंत्रालय द्वारा उन्हें आस्ट्रेलिया स्थित भारतीय दूतावास में सहायक सुरक्षा अधिकारी के लिए चयन किया गया है। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान, वाकपटुता, साहस, कड़ी मेहनत, करने की इच्छा ईमानदारी अखंडता और वफादारी, के साथ खेल, ड्राइविंग, आदि शामिल है। केंद्रीय पंचायत राज्य मंत्री कपिल पाटिल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने आरती बेलगली का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

## केंद्र सरकार ने कोरोना को लेकर त्योहारों पर राज्यों को दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारी सीजन के दौरान कोरोना वायरस महामारी से बचने के लिए उपयुक्त व्यवहार को लेकर केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि मैं स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह के अनुसार, आवश्यक उपाय करने के लिए जिला और अन्य सभी स्थानीय अधिकारियों को निर्देश जारी करने का आग्रह करता हूं।

एक पत्र में अजय भल्ला ने कोविड -19 महामारी के प्रबंधन के लिए त्वरित और प्रभावी रोकथाम उपायों को लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि, दैनिक कोविड -19 मामलों में लगातार गिरावट आ रही थी, लेकिन आगाह किया कि कुछ राज्यों में अभी भी वायरस का स्थानीय प्रसार है। केंद्रीय गृह सचिव ने चेतावनी दी कि कोरोना वायरस के मामलों में गिरावट के साथ, इस बात की संभावना है कि कोविड उपयुक्त व्यवहार (सीएबी) का सख्ती से पालन नहीं किया जा सकता है, खासकर आने वाले त्योहारों के दौरान। पत्र ने देश में कोविड -19 मामलों में वृद्धि की किसी भी संभावना से बचने के लिए सामूहिक समारोहों के संबंध में कड़ी निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले हर जिले के मामले की सकारात्मकता, अस्पताल और आईसीयू बेड की उपलब्धता की बारीकी से निगरानी करने का निर्देश दिया।

पत्र में कहा गया है कि, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों को संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए हाई केस पॉजिटिविटी केस वाले जिलों में सक्रिय नियंत्रण उपाय करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही 'संभावित उछाल के चेतावनी संकेतों की जल्द पहचान करना और प्रसार को रोकने के लिए सक्रिय उपाय करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए स्थानीय दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। पत्र में टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण की फाइव फोल्ड रणनीति पर ध्यान केंद्रित करने और महामारी से सुरक्षित रूप से लड़ने के लिए कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने पर जोर दिया गया है।

# कुकडे गांव में गड्ढे युक्त रास्ते

**प.स.संवाददाता**



**पालघर।** पालघर जिले के महागांव ग्राम पंचायत अंतर्गत कुकडे गांव में सड़क की ऐसी बुरी अवस्था है कि रोजाना यहां पर हादसे हो रहें हैं। भारी बरसात के कारण सड़क की सही ढंग से मरम्मत नहीं की जा सकती पर जिला परिषद चाहे तो उसके गड्ढे तो भरे जा सकते हैं। परंतु उसका भी काम जिला परिषद द्वारा नहीं किए जाने से परिसर के लोगों में काफी नाराजगी है।

बता दें कि कुकडे गांव बोईसर से 12 किलोमीटर दूर है और यहां से वाणगांव, डहाणु और कासा होते हुए मुंबई अहमदाबाद महामार्ग पर जाया जा सकता है। परंतु कुकडे गांव से खानिवडे तक का करीब 2 किलोमीटर की सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इस सड़क पर दो से ढाई फुट के गड्ढे हो चुके हैं जिसके कारण यहां पर न तो कोई ऑटोरिक्शा अथवा एम्बुलेन्स भी नहीं आ सकती। परिसर के लोग बीमार पडते हैं, तो उनको खाट पर लेटाकर ले जाया जाता है। इस परिसर में अस्पताल भी नहीं है कि उसे करीब में खाट पर लेटाकर ले जाया जाए। दो से तीन किलोमीटर तक खाट पर लेटाकर ले जाना लोगों के लिए काफी कठिन है। लोगों में चर्चा का विषय बना है कि जब मुख्यमंत्री या कोई बडा नेता गण आता है तो उस समय सड़कों की मरम्मत रातो रात हो जाती है। हाल ही में पालघर में जिला मुख्यालय के लिए मुख्यमंत्री के आने की खबर मिलने के बाद भरी बरसात में डांबर के सड़क पर गड्ढो को बंद करने के लिए डांबर डालकर लिपा पोती की गई थी। यहां पर आदिवासी गरीब लोगों का हाल सुनने के लिए अब तक जिला परिषद ने करवट नहीं बदली है। इस बात से परिसर के ग्रामीणों और आसपास के आदिवासियों में काफी नाराजगी है कि पेसा के अंतर्गत पालघर जिला होने के बावजूद आज आदिवासियों को सुविधाओं से बदहाल रखा जा रहा है।

## वाजे के आवेदन पर फैसला आने तक उन्हें अस्पताल से छुट्टी नहीं दी जाएः अदालत



**मुंबई।** मुंबई में एक विशेष अदालत ने मंगलवार को एक अस्पताल को निर्देश दिया कि वह बर्खास्त पुलिसकर्मी सचिन वाजे को तब तक छुट्टी नहीं दे जब तक कि घर में हिरासत में रखने के उनके आवदेन पर फैसला नहीं आ जाता।

वाजे हृदय की शल्यक्रिया (ओपन हार्ट सर्जरी) के बाद से अस्पताल में भर्ती हैं। वाजे, मुकेश अंबानी के मुंबई स्थित घर एंटीलिया के बाहर एक वाहन में विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले तथा मनसुख हिरन हत्या मामले में आरोपी हैं। अस्पताल ने अदालत को सूचित किया था कि वाजे को 28 सितंबर को छुट्टी दी जा सकती है। वाजे ने अपने अधिवक्ता रौनक नायक के जरिए मंगलवार को अनुरोध किया कि उन्हें तब तक अस्पताल से छुट्टी नहीं दी जाए, जब तक कि घर में हिरासत के उनके आवदेन पर फैसला नहीं आ जाता।

वाजे ने पिछले हफ्ते दिए आवेदन में कहा था कि हृदय की शल्यक्रिया के बाद स्वास्थ्य लाभ के लिए उन्हें घर में हिरासत में रहने की इजाजत दी जाए। हालांकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि वाजे फरार हो सकते हैं। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश ए टी वानखेड़े ने अस्पताल को निर्देश दिया कि वाजे को बुधवार तक छुट्टी न दी जाए क्योंकि उसी दिन उनके आवेदन पर सुनवाई होनी है।

# रेल परिसरों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग की शुरुवात

**सुजीत मिश्र**





**मुंबईः** रेल परिसरों में सुरक्षा कड़ी करने के लिए पश्चिम रेलवे ने सुरक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित इन्फ्रारेड इंट्रूडर अलार्म सिस्टम के साथ-साथ निगरानी ड्रोन जैसी नवीनतम तकनीकी प्रगति को अपनाया है। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कंसल ने आरपीएफ क्षेत्रीय शस्त्रागार, महालक्ष्मी में हाल ही में इन्फ्रारेड इंट्रूडर अलार्म सिस्टम का उद्घाटन किया और साथ ही रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड, महालक्ष्मी में निगरानी ड्रोन की पहली उड़ान का शुभारम्भ किया। इन प्रौद्योगिकियों के ज़रिये पश्चिम रेलवे के आरपीएफ विभाग को मुंबई उपनगरीय खंड में विभिन्न समस्याओं से निपटने और उन्हें नियंत्रित करने में उल्लेखनीय मदद मिलेगी। महाप्रबंधक ने महालक्ष्मी में आरपीएफ बैरक का भी निरीक्षण किया और इन दिनों चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत श्रमदान किया। उन्होंने बैरक की स्थिति में सुधार करने तथा जवानों का मनोबल ऊंचा रखने के लिए स्वच्छ भोजन और स्वस्थ मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्?र्पक अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित इंट्रूडर अलार्म सिस्टम सात इंफ्रा-रेड आधारित सीसीटीवी कैमरा फीड के साथ संचालित होता है, जिससे सुविधा का 360 डिग्री कवरेज सुनिश्चित होता है। एआई आधारित यूजर इंटरफेस सॉफ्टवेयर के साथ, क्षेत्र में किसी भी मानव उपस्थिति का पता लगाने के लिए वास्तविक समय के आधार पर फीड का विश्लेषण किया जाता है। एआई को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह निर्धारित परिधि में केवल मानव उपस्थिति का पता लगाएगा और झूठे अलार्म से बचने के लिए पक्षियों आदि की अनदेखी करेगा।

सिस्टम में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए कर्मचारियों को सतर्क करने के लिए सुरक्षा नियंत्रण को संकट कॉल, एसएमएस या मेल भेजने के लिए एक अतिरिक्त सुविधा है। त्वरित प्रतिक्रिया समय और रात्रि दृष्टि क्षमता और 24 घंटे कवरेज के साथ, सिस्टम यह सुनिश्चित करेगा कि क्षेत्र में पूर्ण सुरक्षा कायम है।

ठाकुर ने बताया कि सर्विलांस ड्रोन से रेलवे की संपत्ति, भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन पर नजर रखने में उल्लेखनीय मदद मिलेगी। मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) के रूप में भी जाना जाने वाला ड्रोन किसी भी आपात स्थिति के मामले में न्यूनतम प्रतिक्रिया समय पर दूरस्थ क्षेत्रों में जाने में मदद करता है। इनका उपयोग संवेदनशील अपराध प्रवण स्थानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, यार्ड और दूरस्थ स्थानों, बेहतर अपराध नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के लिए अतिचार स्थानों की वास्तविक समय निगरानी के लिए किया जाएगा।

संभाग के चयनित आरपीएफ कर्मचारियों को ड्रोन के संचालन के लिए प्रशिक्षित किया गया है। यूएवी ग्राउंड लेवल से 200 मीटर की ऊंचाई पर 2 किमी की दूरी तक 25 मिनट की उड़ान भरने में सक्षम है।

यूएवी का जीपीएस आधारित ऑटो वे पॉइंट नेविगेशन सिस्टम इसे ऑटो टेक ऑफ, मार्गदर्शन और लैंडिंग करने में मदद करता है और पेलोड के रूप में स्थापित 5X ऑप्टिकल जूम कैमरा के साथ उच्च रिज़ॉल्यूशन छवियों को कैप्चर करने में सक्षम है। यह प्रणाली अपने घर पर लौटने की सुविधा के साथ फेलप्रूफ संचालन सुनिश्चित करती है जो संचार विफलताओं, कम बैटरी या यहां तक कि जीपीएस विफलताओं का पता लगाती है। यह सिस्टम टेरेन डिटेक्शन, जियो फेंसिंग और नो फ्लाई जोन फीचर से लैस है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक प्रकाशक व संपादक : भास्कर ति. तिवारी द्वारा शॉप नं. 1, लक्ष्मी निवास, अवधनाथ ठाकुर हेमू कॉलोनी, ईरानीवाड़ी, रोड नं. 4, कांदिवली (प.) मुंबई- 400 067,
महाराष्ट्र से प्रकाशित व एस.आर.प्रिंटिंग प्रेस, मोहन अर्जुन कंपाउंड, गाला नंबर -8,9,10 नियर घरटन पाड़ा वैशाली नगर, लॉस्ट बस स्टॉप दहिसर (पूर्व) मुंबई 400 068 से मुद्रित किया गया। (समाचारों के चयन के उत्तरदायी)। न्यायक्षेत्र मुंबई होगा।
RNI NO. MAHHIN/2010/34776 dainikpahalasamachar@gmail.com फोन क्रमांक, 022-28610067